# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## महाकुंभ-2025

45 दिवसीय आयोजन

4,000 हेक्टेयर में मेला

45,000 पुलिसकर्मी

55 से अधिक थाने

3,000 से अधिक कैमरे

प्रयागराज महाकुंभ में 35 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद





- 12,670 करोड़ रुपए का बजट
- 13 हजार से ज्यादा ट्रेनें चल रहीं
- 250 उड़ानें रहेंगी उपलब्ध

### अमृत स्नान की तिथियां

| | |
|---|---|
| मकर संक्रांति | 14 जनवरी |
| मौनी अमावस्या | 29 जनवरी |
| बसंत पंचमी | 3 फरवरी |
| माघ पूर्णिमा | 12 फरवरी |
| महाशिवरात्रि | 26 फरवरी |

महा कुंभ

# अमृत स्नान से होगा आगाज

## जुटे देश-दुनिया के संत, साधु और श्रद्धालु

*प्रयागराज में सोमवार से महाकुंभ की शुरुआत हो रही है। हिंदू धर्म में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण हैं। यहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का संगम होता है, जिसे 'त्रिवेणी संगम' कहा जाता है। महाकुंभ का आयोजन भारत में चार जगहों प्रयागराज, नासिक, उज्जैन और हरिद्वार में होता है। कहते हैं कि महाकुंभ में त्रिवेणी घाट पर स्नान करने से व्यक्ति को जीवन के समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है, जिससे आत्मा और शरीर दोनों ही शुद्ध हो जाता है। इसके साथ ही बता दें कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाही स्नान का नाम बदलकर अमृत स्नान और नगर प्रवेश कर दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ/प्रयागराज

प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 में प्रमुख स्नान की शुरुआत से पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि संगम (गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों) के आसपास होने वाले 45 दिवसीय इस महा आयोजन में 35 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। सिंह ने यह भी कहा कि मौनी अमावस्या के दौरान, अनुमानित 4-5 करोड़ भक्तों के प्रयागराज में पहुंचने और स्नान में भाग लेने की उम्मीद है। सिंह ने बताया कि महाकुंभ के लिए राज्य का बजट लगभग 7,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, पिछला कुंभ स्वच्छता के लिए जाना जाता था। इस बार यह स्वच्छता, सुरक्षा और डिजिटल कुंभ है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने कहा, 2019 में कुंभ हुआ था। यह महाकुंभ है और पिछले कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे जबकि इस बार 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मुख्य सचिव ने कहा, व्यवस्था भी उसी के अनुरूप की जा रही हैं। मेले का क्षेत्रफल लगभग 25 प्रतिशत बढ़ा है। इस बार मेला करीब 4,000 हेक्टेयर में लगाया जा रहा है, जबकि पिछले कुंभ में यह करीब 3,200 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाया गया था। साल 2019 के कुंभ से तुलना करते हुए सिंह ने कहा, इस बार हमने मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटा ▶▶| शेष पेज 3 पर

### 90 लाख लोग हर दिन लगाएंगे डुबकी

प्रशासन का दावा है कि लगभग 40 करोड़ लोग महाकुंभ में आ सकते हैं। यह भारत की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। अगर यह अनुमान सही साबित होता है, तो इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 90 लाख लोग महाकुंभ में आएंगे।

### दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह की मेजबानी करेगा प्रयागराज

प्रयागराज, जिसे पहले इलाहाबाद के नाम से जाना जाता था, कल से दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह की मेजबानी करेगा। गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर 4 हजार हेक्टेयर में फैला एक अस्थायी जिला बनाया गया है, जहां अगले 45 दिनों तक देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आएंगे।





### लक्जरी टेंट और बेहतर हवाई संपर्क

*केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय महाकुंभ मेले की सांस्कृतिक विरासत और उसके महत्व, आरामदायक टेंट तथा बेहतर हवाई संपर्क को प्रदर्शित करने वाले 'अतुल्य भारत मंडप' के माध्यम से लोगों को प्रयागराज आने और सोमवार से शुरू होने वाले इस विशाल धार्मिक समागम का आनंद लेने के लिए आमंत्रित कर रहा है।*



### युवा महाकुंभ

*प्रयागराज में आयोजित होने वाला महाकुंभ-2025 इस बार 'युवा महाकुंभ' का भी साक्षी बनेगा, जो देश भर के युवाओं और छात्रों का एक विशाल समागम होगा। इससे प्रतिभागी स्वामी विवेकानंद के एक साझा सूत्र से जुड़ेंगे, जिनकी जयंती 12 जनवरी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाई जाती है। '*



### यहां जरूर करें दर्शन

*महाकुंभ में अमृत स्नान-दान के बाद बड़े हनुमान और नागवासुकि का दर्शन जरूर करना चाहिए। मान्यता है कि अमृत स्नान के बाद इन दोनों में से किसी एक मंदिर के दर्शन करने से महाकुंभ की धार्मिक यात्रा अधूरी मानी जाती है।*

### महाकुंभ में स्टीव जॉब्स की पत्नी

*एपल के प्रमुख स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन जॉब्स भी महाकुंभ में संन्यासी के तौर पर दिखेंगी। उन्होंने अपने गुरु निरंजनी पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से गोत्र मिला है प्रयागराज महाकुंभ के दौरान लॉरेन कमला बनकर सनातन धर्म को समझेगी ।*



*और यहां पर कथा और प्रवचन में भी शामिल होंगी। इस दौरान कैलाशानंद गिरि ने बताया कि लॉरेन जॉब्स की सनातन धर्म में बहुत ज्यादा रुची है और वे उन्हें अपने पिता तुल्य मानती हैं, जिसके चलते वे उन्हें अपनी पुत्री की तरह ही स्नेह देते हैं।*

*निरंजनी अखाड़े के कैलाशानंद गिरि महाराज ने लॉरेन पॉवेल जॉब्स के साथ शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। कैलाशानंद गिरि महाराज ने कहा कि अखाड़े ने लॉरेन पॉवेल को हिंदू नाम 'कमला' दिया है।*


### देखें भीतर भी








# नेशनल पार्क में मुठभेड़, मार गिराए दो महिला समेत पांच वर्दीधारी नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

- एसएलआर रायफल बीजीएल लांचर सहित भारी हथियार एवं विस्फोटक बरामद

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला समेत पांच वर्दीधारी नक्सली मार गिराए। पुलिस अधीक्षक बीजापुर जितेंद्र यादव ने बताया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 11 जनवरी को बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत बंदेपारा-कोरंजेड के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बल की टीम रवाना हुई थी। अभियान के दौरान रविवार की सुबह से बंदेपारा-कोरंजेड़ के जंगल में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच रुक रुककर मुठभेड़ होती रही, जो शाम 3-4 बजे तक चली। आईजी सुंदरराज ने बताया है कि मुठभेड़ ▶▶| शेष पेज 3 पर

### बस्तर के 3 जिले में आज सीएम जाएंगे

बस्तर के नक्सल प्रभावित 3 जिले दंतेवाड़ा, सुकमा और कोण्डागांव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 13 जनवरी को पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर इन जिलों के कार्यक्रम में भारी सुरक्षा रहेगी। आईजी, डीआईजी समेत 3 जिले के कप्तान स्वयं फोर्स को लीड कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भी पुलिस फोर्स को नक्सल समस्या के खात्मे के लिए हर संभव पहल करने को कहा है।

### प्रभाकर की पत्नी राजे भी चढ़ी पुलिस के हत्थे





कांकेर। डीवीसी राजे कांगे के साथ नक्सल सहयोगी एवं शरण देकर रखने वाला श्यामनाथ उसेण्डी निवासी कौड़ोसाल्हेभाट को गिरफ्तार करने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली है। कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसेला ने बताया कि कुछ दिनों से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर डिविजन अंतर्गत सक्रिय डीवीसी रावघाट एरिया कमेटी प्रभारी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे की ▶▶| शेष पेज 3 पर

अब तक चार अभ्यर्थियों को किया है गिरफ्तार

# पीएससी घोटाले में तीन और गिरफ्तार एक दिन की रिमांड पर पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सीजीपीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई ने रविवार को तीन और अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने एक दिन की रिमांड पर लिया है। सीबीआई ने जिनको गिरफ्तार किया है, उनमें एक पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी का भतीजे ▶▶| शेष पेज 3 पर

### इनके नाम आए थे सामने

भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी में टामन सिंह सोनवानी की बहू निशा कोसले, भाई बहू दीपा अजगल्ले आडिल, भांजी सुनीता जोशी, पीएससी के पूर्व सचिव जीवन लाल ध्रुव के बेटे सुमित ध्रुव, राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलको की बेटी नेहा खलखो, बेटा निखिल खलखो, साक्षी ध्रुव के अलावा अन्य ब्यूरोक्रेट तथा कांग्रेस नेता के रिश्तेदार, बेटा-बेटी साक्षी ध्रुव, प्रज्ञा नायक, प्रखर नायक, अनन्या अग्रवाल, शशांक गोयल आदि के चयन पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी।

चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े आएंगे रायपुर

# 17 को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष के साथ ही राज्य की राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी 17 जनवरी को चुनाव होगा। इसी दिन राष्ट्रीय संगठन से बनाए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े का रायपुर आना होगा। उनके आने पर ही यहां एक ही दिन प्रदेशाध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। 36 में से 35 जिलाधअयक्षों का चुनाव हो चुका है। अब प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके लिए 17 जनवरी की तिथि तय हो गई है। चुनाव कराने के लिए यहां पर चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े आ रहे हैं। उनके ▶▶| शेष पेज 3 पर

### राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्य भी बनेंगे

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए देश भर में राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव भी होना है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कुछ मंत्रियों, सांसद, विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ दिग्गज भाजपा नेताओं को सदस्य बनाया जाएगा। प्रदेश में रायशुमारी कर 17 नाम तय किए ▶▶| शेष पेज 3 पर

**सीधी बात में पूर्व महापौर ने कहा, मेरी पत्नी चुनाव नहीं लड़ेगी, महापौर पति कहलाने का इरादा नहीं**

# मुझे परेशान अपनों और गैरों, दोनों ने किया लेकिन विकास की रफ्तार कम नहीं होने दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साक्षात्कार




नगर निगम के पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा., शहर को राजधानी का स्वरूप देने का प्रयास अपने पांच साल के कार्यकाल में किया। 70 वार्डों में जो विकास कार्य किए हैं, उसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। रायपुर नगर निगम में एक बार फिर महापौर कांग्रेसी होगा। एक सवाल के जवाब में पूर्व महापौर ने कहा कि मुझे अपनों और गैरों ने, दोनों ने ही परेशान किया। लेकिन विकास की रफ्तार कम नहीं होने दी। आईएनएच न्यूज-हरिभूमि के प्रबंध संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनसे सीधी बात में विशेष चर्चा की। श्री ढेबर ने कई मुद्दों पर बेबाकी से से जवाब दिए। पेश है बातचीत के कुछ अंश।

- *कैसे बीते पांच साल, किसने ज्यादा हलाकान किया, अपनों ने या गैरों ने?*
- *परेशान तो दोनों ने किया। जब गैर रहते हैं तो वे दुश्मन का पता रहता है। अपने रहते हैं तो बाद में पता चलता है, तो दुश्मन ही ज्यादा रहे। रायपुर शहर और एक जिले के रूप में पहचान थी। उसे राजधानी का स्वरूप देने का प्रयास किया। बाहर का कोई व्यक्ति आता है तो उसे लगना चाहिए कि राजधानी आए हैं। कुछ हद तक हम सफल भी हुए। 90 प्रतिशत काम बेहतर तरीके से किया। भाजपा के समय में ऐसी जगहों पर काम हुआ, जहां कोई नहीं रहता था। जैसे नवा रायपुर है, वहां बसाने का प्रयास किया।*
- *मेयर बनने के बाद ऐसा क्या किया कि रायपुर को नया स्वरूप मिला?*
- *रायपुर शहर की पहचान तालाबों और मंदिरों से होती थी। करीब 38 तालाबों को सौंदर्यीकरण कराया। बूढ़ातालाब की एक अलग पहचान है, उसे किसी ने नहीं संवारा, उसके साथ 37 तालाबों को संवारा। 24 घंटे पानी देने का काम हमने शुरू किया। फिल्टर प्लांट बनवाया। लोगों को पीलिया जैसी बीमारियों से जूझना पड़ता था। मेरे कार्यकाल में पीलिया की बीमारी नहीं दिखी। पानी का स्तर फिल्टर प्लांट के जरिए सुधारने के अलावा पाइपलाइन बदली गईं।* ▶▶| शेष पेज 3 पर


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN (DEEMED TO BE UNIVERSITY)

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

AGRICULTURAL PROGRAMMES OFFERED
- B.Sc. (H) Agriculture
- M.Sc. Agriculture

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and ICAR
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 21st Best in Medical Category
- 09th Best in Dental Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

प्रयागराज का महाकुंभ-2025 का आयोजन 13 जनवरी से हो रहा है। कहने को ये आस्था का महाकुंभ है लेकिन हकीकत ये है इसे आस्था तक सीमित नहीं रखा जा सकता है। इसमें भक्ति है, आस्था और परंपरा की अमूल्य विरासत है जो भारत को एकता के महासूत्र में पिरोती है। इस परंपरा के पीछे की पौराणिक कथाओं और वेद पुराणों में इसके महत्व का वर्णन किया गया है साथ ही वैज्ञानिक कारणों को देखें तो कुंभ मेला मानव शरीर पर प्लेनेट्स और मैगनेटिक क्षेत्रों के प्रभाव को समझने का एक बढ़िया समय है। बायो-मैग्नेटिज्म के अनुसार मानव शरीर चुंबकीय क्षेत्रों का उत्सर्जन करता है और बाहरी ऊर्जा क्षेत्रों से प्रभावित होता है। कुंभ में स्नान और ध्यान के दौरान महसूस की जाने वाली शांति और सकारात्मकता का कारण इन्हीं ऊर्जा प्रवाहों में है। यही वजह है कि इस बार करीब 40 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने जा रहे हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बेहतरीन इंतजाम किए हैं। ऐसे तथ्यों पर आधारित जानकारी हरिभूमि अपने सुधि पाठकों के लिए प्रस्तुत कर रहा है।

# आस्था और विज्ञान का अद्भुत संगम





## पवित्रता के 'महाकुंभ' में एकता की विरासत

**13** जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा महाकुंभ

**40** करोड़ श्रद्धालु संगम में लगाएंगे डुबकी

**45** दिन तक चलेगा महाकुंभ का मेला



इस साल 2025 में 13 जनवरी से प्रयागराज के संगम पर महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। कुंभ मेले का आयोजन 12 साल में एक बार होता है। ऐसे में इसका आध्यात्मिक लोगों को बेसब्री से इन्तजार होता है। महाकुंभ का मेला संगम जैसे पवित्र स्थल पर भी होता है लेकिन बहुत सारे लोग इन दोनों के बीच का संबंध नहीं जानते हैं। कुंभ का मेला है और इस दौरान संगम की महत्ता भी बढ़ जाती है। असल में, कुंभ और संगम एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं क्योंकि कुंभ मेले का मुख्य आकर्षण संगम पर स्नान है। संगम पर स्नान को अमृत स्नान के समान पवित्र माना गया है। संगम का अर्थ मिलन होता है और यह वह स्थान है जहां तीन पवित्र नदियां। गंगा, यमुना, और अदृश्य सरस्वती आपस में मिलती हैं। भारतीय धार्मिक स्थलों में संगम को सबसे पवित्र स्थानों में से एक माना गया है। यहां स्नान करने से आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है। संगम पर पूजा, ध्यान और पिंडदान जैसे धार्मिक कर्मकांड किए जाते हैं। महाकुंभ मेला हर 12 साल में उन चार पवित्र स्थानों में से एक पर आयोजित होता है, जहां पौराणिक कथा के अनुसार अमृत की बूंदें गिरी थीं। कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के समय देवताओं और असुरों के बीच अमृत पाने के लिए संघर्ष हुआ था। अमृत कलश (कुंभ) को लेकर देवता भागे और अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी के चार स्थानों पर गिर गईं। ये चार स्थान हैं - प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), जहां संगम है, दूसरा हरिद्वार (उत्तराखंड), तीसरा उज्जैन (मध्य प्रदेश) और चौथा नासिक (महाराष्ट्र)।

## इस तरह तय होती है कुंभ की तिथि

- जब ब्रहस्पति वृषभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मकर राशि में तब कुंभ मेले का आयोजन प्रयागराज में किया जाता है।
- जब सूर्य मेष राशि और ब्रहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं तब कुंभ मेले का आयोजन हरिद्वार में किया जाता है।
- जब सूर्य और ब्रहस्पति का सिंह राशि में प्रवेश होता है तब यह महाकुंभ मेला नासिक में मनाया जाता है।
- जब ब्रहस्पति सिंह राशि में और सूर्य देव मेष राशि में प्रवेश करते हैं तब कुंभ मेले का आयोजन उज्जैन में किया जाता है।
- जब सूर्य देव सिंह राशि में प्रवेश करते हैं, इसी कारण उजैन, मध्यप्रदेश में जो कुंभ मनाया जाता है उसे सिंहस्थ कुंभ कहते हैं।

## स्नान की तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| 13 जनवरी | 2025 | पौष पूर्णिमा |
| 14 जनवरी | 2025 | मकर संक्रांति |
| 29 जनवरी | 2025 | मौनी अमावस्या |
| 03 फरवरी | 2025 | वसंत पंचमी |
| 12 फरवरी | 2025 | माघ पूर्णिमा |
| 26 फरवरी | 2025 | महाशिवरात्रि पर्व |

## चार प्रकार के होते हैं प्रमुख कुंभ मेले

**कुंभः** कुंभ का आयोजन प्रत्येक तीन वर्षों में होता है और ये मेला प्रयागराज, नासिक, हरिद्वार और उज्जैन में लगता है। इस तरह से 12 साल में 4 बार कुंभ मेला लगता है।

**अर्धकुंभः** अर्ध कुंभ का आयोजन प्रत्येक छह साल में एक बार होता है। इसका आयोजन बस प्रयागराज और हरिद्वार में ही होता है।

**पूर्णकुंभः** पूर्ण कुंभ मेले का आयोजन प्रत्येक 12 साल बाद होता है। यह क्रमशः प्रयागराज, नासिक, हरिद्वार और उज्जैन में लगता है। पूर्ण कुंभ के स्थान का निर्णय ज्योतिषीय गणना के आधार पर किया जाता है।

**महाकुंभः** महाकुंभ का आयोजन 144 सालों में सिर्फ एक बार होता है। सरल शब्दों में समझें तो 12 पूर्ण कुंभ के बाद एक महाकुंभ होता है। जो सिर्फ प्रयागराज में ही लगता है।

## खास बातें

- महाकुंभ का आयोजन 12 साल में एक बार होता है और यह महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से प्रयागराज के संगम पर हो रहा है।
- संगम को भारतीय धार्मिक स्थलों में सबसे पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है, जहां स्नान करने से आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- महाकुंभ मेला उन चार पवित्र स्थानों में से एक पर आयोजित होता है जहां पौराणिक कथा के अनुसार अमृत की बूंदें गिरी थीं।
- महाकुंभ का आयोजन तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति एक विशेष ज्योतिषीय स्थिति में होते हैं, जिससे इसका धार्मिक महत्व बढ़ जाता है।



## विश्व का सबसे बड़ा आस्था का मेला

महाकुंभ मेले में देश-विदेश के हर कोने से लोग संगम में डुबकी लगाने आते हैं। प्राचीन हिंदू ग्रंथों में लिखा है कि इसका आयोजन लगभग 2 हजार सालों से हो रहा है। इतना ही नहीं, कुंभ मेला हिंदू धर्म का महापर्व भी माना जाता है। ये तो हो गया धार्मिक महत्व, लेकिन ये धार्मिक महत्वता के साथ वैज्ञानिक महत्व भी रखता है। महाकुंभ मानव और ब्रह्मांड के बीच संबंधों का अद्भुत संगम है। महाकुंभ का आरंभ समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया। अमृत कलश से गिरा अमृत चार स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरा। यही स्थान कुंभ मेलों के आयोजन के केंद्र बने। 'कुंभ' शब्द स्वयं अमृत कलश का प्रतीक है, जो अमरता और आध्यात्मिक पोषण का प्रतीक है।

## एस्ट्रोनॉमिकल घटनाएं

महाकुंभ का समय और आयोजन एस्ट्रोनॉमिकल घटनाओं पर आधारित है। यह मेला तब आयोजित होता है जब गुरु ग्रह, सूर्य और चंद्रमा के विशेष संयोग में होता है। गुरु का 12-साल का परिक्रमा चक्र और पृथ्वी के साथ इसकी विशेष स्थिति आयोजन को शुभ बनाती है। 2024 में, 7 दिसंबर को गुरु ग्रह अपने विरोधी स्थिति में था, जब पृथ्वी सूर्य और गुरु के बीच थी। इस स्थिति ने गुरु को रात के आकाश में अत्यंत चमकदार बना दिया। साथ ही शुक्र, शनि, गुरु और मंगल ग्रह की विशेष एस्ट्रोनॉमिकल घटनाएं रोमांच को और बढ़ाएगी। महाकुंभ का आयोजन प्राचीन भारतीय एस्ट्रोनॉमिकल साइंस की गहरी समझ को बताता है। आयोजन स्थल और समय दोनों को पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्रों और ग्रहों की स्थिति के आधार पर निर्धारित किया गया है। इससे पता चलता है कि हमारे पूर्वज एस्ट्रोनॉमिकल साइंस और जैविक प्रभावों की गहन जानकारी रखते थे।

### कुंभ में स्नान का साइंस

साइंटिफिक रीजन से देखें कुंभ मेला मानव शरीर पर प्लेनेट्स और मैगनेटिक क्षेत्रों के प्रभाव को समझने का एक बढ़िया समय है। बायो-मैग्नेटिज्म के अनुसार, मानव शरीर चुंबकीय क्षेत्रों का उत्सर्जन करता है और बाहरी ऊर्जा क्षेत्रों से प्रभावित होता है। कुंभ में स्नान और ध्यान के दौरान महसूस की जाने वाली शांति और सकारात्मकता का कारण इन्हीं ऊर्जा प्रवाहों में है। इसके अलावा कुंभ मेला आयोजन स्थलों का चयन भू-चुंबकीय ऊर्जा के आधार पर किया गया है। ये स्थान, विशेषकर नदी संगम क्षेत्र, आध्यात्मिक विकास के लिए अनुकूल माने गए हैं। प्राचीन ऋषियों ने इन स्थानों पर ध्यान, योग और आत्मिक उन्नति के लिए उपयुक्त ऊर्जा प्रवाह का अनुभव किया और इन्हें पवित्र घोषित किया था।

## महाकुंभ में घाटों का महत्व

प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन के कारण यह शहर हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है। यहां गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती का संगम होता है, जिससे प्रयागराज के घाटों का धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। यदि आप कुंभ मेले में जाने की योजना बना रहे हैं, तो इन प्रसिद्ध घाटों पर अवश्य समय बिताएं और किसी एक घाट पर स्नान कर पुण्य अर्जित करें।

### दशाश्वमेध घाट

प्रयागराज का दशाश्वमेध घाट धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इस घाट पर भगवान ब्रह्मा ने दस अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया था। महाकुंभ के समय, यह घाट गंगा आरती और भजन-कीर्तन के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। शाम को गंगा आरती के बाद, यहां आप स्थानीय व्यंजनों का स्वाद ले सकते हैं।

### हांडी फोड़ घाट

प्रयागराज के प्राचीन घाटों में से एक, हांडीफोड़ घाट सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। यह घाट उन लोगों के लिए आदर्श है जो शांत लहरों और नदियों की मधुर ध्वनि का आनंद लेना चाहते हैं। यहां का वातावरण इसे और भी आकर्षक बनाता है।

### बलुआ घाट

बलुआ घाट साधु-संतों की एकत्रितता का स्थल है। यहां का माहौल ध्यान और योग के लिए अनुकूल है, जिससे साधु-संत अपने प्रवचन और ध्यान के लिए इसे पसंद करते हैं। यह घाट भीड़-भाड़ से दूर स्थित है, जो इसे और भी विशेष बनाता है।

### संगम घाट

महाकुंभ के समय संगम घाट आस्था और आकर्षण का प्रमुख स्थल माना जाता है। यहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का संगम होता है, जो मोक्ष की प्राप्ति की इच्छा रखने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। यहां स्नान करना यात्रियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण है। इसके अलावा, नाव की सवारी के माध्यम से त्रिवेणी संगम का अद्भुत दृश्य देखने का अवसर भी मिलता है।

### केदार घाट

कुंभ मेले के दौरान केदार घाट पर स्नान और भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। शिव भक्तों के लिए यह स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भगवान शिव को समर्पित है।

## पुराणों में कुंभ की महिमा

**स्कंद पुराण**
**माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नर**
**युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवता**
अर्थातः माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं।

**पद्म पुराण**
**त्रिषु स्थलेषु यः स्नायात प्रयागे च पुष्करे**
**कुरुक्षेत्रे च धर्मात्मा स याति परमं पदम**
अर्थातः जो धर्मात्मा प्रयाग, पुष्कर और कुरुक्षेत्र में स्नान करता है, वह परम धाम को प्राप्त करता है।

**गरुड़ पुराण**
**अग्निष्टोमसहस्राणि वाजपेयशतानि च**
**कुंभस्नानस्य कलां नार्हंते षोडशीमपि**
अर्थातः हजारों अग्निष्टोम और सैकड़ों वाजपेय यज्ञ भी कुंभ स्नान के सोलहवें भाग के बराबर नहीं हैं।

**ब्रह्मवैवर्त पुराण**
**प्रयागे माघमासे तु स्नात्वा पार्थिवमर्दन**
**सर्वपापैः प्रमुच्येत पितृभिः सह मोदते**
अर्थातः माघ मास में प्रयाग में स्नान करने वाला व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है और उसके पितर भी प्रसन्न होते हैं।

**अग्नि पुराण**
**कुंभे कुंभोद्भवः स्नात्वा प्रायच्छति हि मानवान**
**ततः परं न पापानि तिष्ठन्ति शुभकर्मणाम**
अर्थातः कुंभ में स्नान करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है, और वह शुभ कर्मों की ओर अग्रसर होता है।



## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**37 हजार** पुलिसकर्मी तैनात
**14 हजार** होमगार्ड के जवान घाटों पर तैनात
**2 हजार 750** एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे
10 जोन, 25 सेक्टर,56 थाने एवं 155 चौकियां

**जल सुरक्षा**
**03** जल पुलिस स्टेशन
**01** जल पुलिस कंट्रोल रूम
**17** जल पुलिस सब कंट्रोल रूम

**अग्नि सुरक्षा**
**50** फायर स्टेशन
**20** फायर पोस्ट
**50** फायर वॉच टावर
**4300** फायर हाइड्रेंट
**45** फायर रिजर्व वाटर टैंक

**परिवहन व्यवस्था**
**7 हजार** कुंभ स्पेशल बसें
**550** शटल बसें
**4 हजार** हेक्टेयर में लगेगा मेला
**1.50 लाख** शौचालय
**1.60** लाख टेंट

## 1954 से कुंभ में हाथी और संगम पर वीआईपी की एंट्री पर रोक

आजाद भारत का पहला कुंभ प्रयागराज में साल 1954 में लगा था।महीनों पहले इस कुंभ के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। इस कुंभ में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद भी शामिल हुए थे। तत्कालीन पीएम जवाहर लाल नेहरू ने मौनी अमावस्या के दिन संगम के तट पर स्नान किया था। इसी दौरान एक हाथी के कंट्रोल से बाहर होने के बाद हादसा हुआ था। तभी से कुंभ में हाथी के आने पर रोक लगा दी गई थी। इतना ही नहीं इसी हादसे के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने मुख्य स्नान पर्वों पर वीआईपीज के संगम में जाने पर रोक का आदेश दे दिया था। आज भी अर्द्धकुम्भ, कुंभ और महाकुंभ के मुख्य स्नान पर्वों पर वीआईपीज की एंट्री पर रोक बरकरार है। आजादी के बाद प्रयागराज में लगे इस कुंभ में 12 करोड़ लोग शामिल हुए थे।

## महाकुंभ में अखाड़ों की होती है विशेष भूमिका

आपने महाकुंभ के दौरान साधुओं के विशाल जत्थों को जरूर देखा होगा। इन जत्थों को अखाड़े कहा जाता है। अखाड़ा सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि साधुओं का एक संगठन है जो धार्मिक अनुष्ठानों, सामाजिक कार्यों और हिंदू धर्म की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, आदि शंकराचार्य ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए कई संगठन बनाए थे। इन्हीं संगठनों को अखाड़े के नाम से जाना जाता है। अखाड़े शब्द का शाब्दिक अर्थ है 'कुश्ती का मैदान'। लेकिन धीरे-धीरे इसका अर्थ बदलकर साधुओं के संगठन के लिए होने लगा। महाकुंभ में अखाड़े एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करते हैं बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी लगे रहते हैं। महाकुंभ के दौरान अखाड़े के साधु संगठित होकर स्नान करते हैं और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

### अखाड़ों के प्रकार

भारत में अखाड़ों की संख्या 13 है, जिन्हें मुख्य रूप से तीन संप्रदायों में बांटा जा सकता है।

**शैव संप्रदायः** ये अखाड़े भगवान शिव को अपना आराध्य देव मानते हैं। भारत में कुल 7 अखाड़े शैव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं।

**वैष्णव संप्रदायः** ये अखाड़े भगवान विष्णु को अपना आराध्य देव मानते हैं। भारत में कुल 3 अखाड़े वैष्णव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं।

**उदासीन संप्रदायः** ये अखाड़े किसी विशेष देवता की पूजा नहीं करते हैं, बल्कि सभी देवताओं को समान रूप से मानते हैं। भारत में कुल 3 अखाड़े उदासीन संप्रदाय से जुड़े हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच लग रहे महाकुंभ में दूर-दूर से साधु-संत, महात्मा अपनी तपस्या को सार्थक करने पहुंच रहे हैं। इस आयोजन में कई ऐसे बाबा भी आए हैं, जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उनकी अलग पहचान लोगों को उनकी ओर आकर्षित कर रही है। कई बाबा ऐसे हैं जो अपनी खास वेशभूषा और साधना के अनूठे अंदाज की वजह से कौतूहल का विषय बने हुए हैं।

# किसी के जटाओं में उगी जौ किसी की चाबी है पहचान

महाकुंभ में अनोखे बाबाओं ने लोगों में जगाई उत्सुकता





## बवंडर बाबा

मध्य प्रदेश से बाइक लेकर महाकुंभ पहुंचे बवंडर बाबा खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। बाबा ने मादक पदार्थों पर देवी-देवताओं की तस्वीर लगाने पर आपत्ति जताई है। बवंडर बाबा ने इसी अपमान को समाप्त करने के लिए एक मुहिम छेड़ी है। बवंडर बाबा ने साढ़े तीन सालों में 1,15,000 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा की है और ये अपने साथ जरूरी सामान अपनी गाड़ी में ही रखकर चलते हैं।

## 'घोड़े वाले बाबा'



घोड़े वाला बाबा भी 2025 महाकुंभ के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। विजयपुरी बाबा, घोड़े वाला बाबा के नाम से मशहूर हैं। बाबा विजय पुरी आज भी घोड़े से ही घूमते-फिरते नजर आते हैं। कुंभ इलाके में जिधर से बाबा गुजर रहे हैं, उनको देखने वालों की भीड़ लग जा रही है।

## एंबेसडर वाले बाबा



महाकुंभ 2025 में एंबेसडर वाले बाबा भी पहुंचे हैं। महंत राज गिरी नागा बाबा, जिन्हें एंबेसडर बाबा के नाम से भी जाना जाता है, वह 6 जनवरी को महाकुंभ पहुंचे थे। बाबा अपनी सवारी खुद लेकर चलते है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया था कि वह इसी गाड़ी में रहते हैं।

## चाबी वाले बाबा



चाबी वाले बाबा भी महाकुंभ 2025 में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इनका नाम कबीरा बाबा उर्फ हरिश्चंद्र विश्वकर्मा है। 50 वर्ष के ये बाबा चाभी वाले के नाम से विख्यात हैं। अपने साथ 20 किलो की लोहे की चाबी लेकर चलते हैं। कबीरा बाबा का कहना है कि यह चाभी जीवन और अध्यात्म का प्रतीक है। जीवन से अध्यात्म की ओर जाने के मार्ग की भी चाभी है। इन चाभियों से उनका संदेश यही है कि लोग खुद के अस्तत्व को पहचाने और सनातन के मार्ग पर प्रशस्त हों ताकि हमारा प्राचीन गौरव वापस लौटें।



## एक हाथ उठाए हैं राधे पुरी बाबा

14 साल से एक हाथ उठाए हुए राधे पुरी बाबा भी 2025 महाकुंभ में पहुंचे है। @एसकेफोटोग्राफी68 नाम के यूजर ने राधे पुरी बाबा की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- प्रयागराज ये मध्य प्रदेश उज्जैन के रहने वाले राधे पुरी बाबा हैं। 2011 से विश्व कल्याण के लिए हठ योग के आसन में है। विगत 14 सालों से बाबा का यह हाथ यूं ही हवा में उठा रहता है।

## जटा वाले बाबा



आवाहन अखाड़े के महंत मंगलानंद सरस्वती नागा महाराज को लेकर भी लोगों में बहुत आकर्षण है। उनकी जटाए 7 फीट से ज्यादा लंबी है। कहते हैं वह इन जटाओं की देखभाल करीब 30 साल से कर रहे हैं। जब वो अपनी जटाओं को लपेटकर बांध लेते हैं तो उनकी जटा सिर पर मुकुट की तरह दिखने लगती है। जिसे देख हर कोई हैरान हो जाता है। हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले महंत मंगलानंद सरस्वती महाराज आवाहन अखाड़े के नागा सन्यासी हैं।



## रुद्राक्ष वाले बाबा

श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के रुद्राक्ष वाले बाबा 45 किलोग्राम रुद्राक्ष को सिर पर रखकर 12 घंटे साधना करते हैं। उन्होंने बताया कि मैं भगवान को प्रसन्न करने के लिए और अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए ये हठयोग कर रहा हूं। बाबा ने बताया कि पंजाब में बाबा दुधारी के नाम से एक गद्दी है। वहीं दुधेश्वर महादेव की दुधारी महाराज पूजा करते थे।

## बुलेट वाले बाबा आकर्षण का केंद्र

ये बाबा मठ से अखाड़ा बुलेट पर सवार होकर आते हैं। बाबा जी जहां भी जाते हैं तो बुलेट की ही सवारी करते हैं। बाबा जी बुलेट के इस कदर शौकीन हैं कि बुलेट पर धूल नहीं लगने देते। बुलेट वाले बाबा जी का नाम है पहलवान रघुवीर गिरी महाराज. बाबा बुलेट की सवारी इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें इसका शौक है।



## तिरंगा बाबा



संगम की रेत पर इस बार एक खास बाबा ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिन्हें सब 'तिरंगा बाबा' कहते हैं। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे हर समय अपने साथ हर समय तिरंगा झंडा लेकर चलते हैं और जहां ये पहुंचते हैं वहां तिरंगा लगाकर उसकी पूजा करते हैं। राष्ट्रप्रेमी तिरंगा बाबा अपने राष्ट्रध्वज प्रेम के लिए जाने जाते हैं। इनके इष्टदेव भी तिरंगा हैं और धर्मध्वजा भी तिरंगा ही है। फिलहाल बाबा ने गंगा के तट पर संगम की रेती में तिरंगा लगाकर वहीं अपनी धुनी रमा ली है।



## कंप्यूटर बाबा

दिगंबर अनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर नामदेव दास उर्फ कंप्यूटर बाबा की अलग धाक है। कंप्यूटर की अच्छी जानकारी रखने के कारण उनका नाम कंप्यूटर बाबा पड़ गया। ये अपने दमदार बयानों के लिए जाने जाते हैं। हर मुद्दे पर बेबाकी से राय रखते हैं।



## अनाज वाले बाबा

सोनभद्र के मारकुंडी से आए अमरजीत योगी के अनूठे अंदाज को देखकर लोग उन्हें अनाज वाले बाबा के नाम से भी पुकारने लगे हैं। उन्होंने ने अपनी जटाओं में जौ उगा रखी है। योगी कहते हैं कि लोग अपने आश्रमों व शिविरों के बाहर जौ उगाते हैं और जब उनका कल्पवास पूरा होता है तो उसे भगवान को अर्पित कर चले जाते हैं।



## लिलिपुट बाबा

महाकुंभ 2025 में आए लिलिपुट बाबा 57 साल के हैं। उनका कद 3 फीट 8 इंच है। उनका हठयोग है कि वे आजीवन नहीं नहाएंगे। पैर में खड़ाऊं और नाक के बीच बाली पहनते हैं। उनका कहना है कि गुरु ने जब हठयोग की दीक्षा दी थी तो स्नान न करने की शर्त थी इसीलिए पिछले 32 साल से स्नान नहीं किया है। हालांकि बाबा स्वच्छता को लेकर बेहद सतर्क हैं।



## बांसुरी वाले बाबा

2025 महाकुंभ में श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी की छावनी प्रवेश यात्रा में बांसुरी बजाने वाले बाबा आकर्षण का केंद्र हैं। पूरी शोभा यात्रा के दौरान बांसुरी वाले बाबा ने मनमोहक धुनें बजाईं।






## रोचक तथ्य

- महाकुंभ में 15 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी और 200 एनएसजी कमांडो तैनात
- पूरे महाकुंभ क्षेत्र में एनएसजी के दो सौ कमांडो किए जाएंगे तैनात
- 50 घाटों पर 4000 नावों से पुलिस रखेगी निगरानी
- अतिरिक्त सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना के 25 गोताखोर तैनात
- मेला क्षेत्र में 2700 सीसीटीवी लगाए गए हैं, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता से हैं युक्त
- प्रत्येक अखाड़े में रह रहे साधुओं का आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र-
- 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है कुंभ नगर
- यह आयोजन जिसके लिए दुनिया की कुल आबादी के 5% के बराबर लोग एक शहर में इकट्ठा हो रहे हैं।
- महाकुंभ श्रद्धालुओं की संख्या पाकिस्तान की कुल आबादी से लगभग 2 गुना। ये आंकड़ा अमेरिका (33.5 करोड़) और रूस (14.4 करोड़) की से भी ज्यादा है।

## महाकुंभ में संगम की रेत पर तुर्की से आई पिनार

### पहली बार दोस्तों से महाकुंभ की महिमा सुनकर आई



**टीएन मिश्र/अनूप कुमार सिंह, प्रयागराज**

महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन से भारत ही नहीं विदेश में भी लोगों में बड़ा उत्साह है। तुर्की की रहने वाली पिनार महाकुंभ में पहली बार भारत की संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने संगम पहुंची हैं। पिनार ने संगम में गंगा स्नान कर तिलक लगाया और सनातन धर्म की राह पर निकल पड़ी। पिनार ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ के बारे में अपने दोस्तों से सुना था और भारत आकर इसे देखने की इच्छा लंबे समय से थी। भारतीय संस्कृति से प्रभावित पिनार ने कहा कि यहां महाकुम्भ का माहौल बड़ा दिव्य और भव्य है। गंगा स्नान और संगम की रेत पर चलने का अनुभव बड़ा अविस्मरणीय है। पिनार ने पहली बार महाकुंभ के माध्यम से इस आध्यात्मिक यात्रा को पूरा किया। उन्होंने कहा कि यहां की ऊर्जा और वातावरण उन्हें भारतीय परंपराओं की गहराई को समझने का अवसर देता है। महाकुंभ में पिनार ने स्नान, ध्यान और तिलक लगाकर सनातन धर्म के प्रति अपने सम्मान और आस्था को व्यक्त किया।

## काशी के कलाकार करेंगे लीला, अघोरी बनकर खेलेंगे भस्म की होली

त्रिवेणी के संगम पर महाकुंभ में काशी के कलाकारों ने भी कला की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। स्वांग और रास की मंडलियों ने पेशवाई के समय तरह-तरह के स्वांग रचाया। इसी तरह, कहीं अघोरी भस्म की होली खेलेंगे तो कहीं कान्हा गोपियों संग रास रचाएंगे। महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र महाकाल की लीला होगी। इसमें काशी के कलाकारों की टोलियां शामिल होंगी। तन पर भस्म रमाए भोला खेल रहे हैं होरी...की थीम पर महाकाल और माता पार्वती के स्वरूपों की प्रस्तुतियां पहली बार महाकुंभ का हिस्सा बनेंगी। काशी की शिव बरात, बाबा विश्वनाथ की शोभायात्रा, मसान की होली और महाशिवरात्रि पर शिव बरात निकालने वाली टोलियां प्रयागराज आ चुकी हैं। इसमें सबसे अधिक मांग महाकाल के स्वरूप की है।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग का 5.51 करोड़ रुद्राक्ष 11,000 त्रिशूल से पहली बार श्रृंगार



प्रयागराज के मेला क्षेत्र के सेक्टर-छह स्थित बजरंगदास मार्ग पर मौनी बाबा का भव्य शिविर तैयार हो रहा है। यहां 5.51 करोड़ रुद्राक्ष और 11,000 त्रिशूल से द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही 108 हवन कुंड में 125 करोड़ आहुति और 11 करोड़ वैदिक मंत्र से संगम नगरी गुंजायमान होगी। गौरीगंज, अमेठी से आए बाल ब्रह्मचारी स्वामी अभय चैतन्य फलाहारी उर्फ मौनी बाबा महाराज बताते हैं, महाकुंभ भव्य और आस्था से परिपूर्ण हो, इस संकल्प के साथ 10,000 गांवों की पैदल यात्रा करके यहां आए हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की संकल्प को लेकर विशेष यज्ञ की भी तैयारी है।

## महाकुंभ में ऐसा गुंजन

## हठयोग की किताब ने इटली की एंजेला को बनाया अंजना गिरि



श्री पंच दशनाम शंभू अटल अखाड़े से जुड़ीं इटली की एंजेला अब अंजना गिरि प्रयागराज आ गई हैं। 14 साल की उम्र में मां के कपड़ों के बीच से मिली हठयोग की किताब ने उनका जीवन ही बदल दिया। उन्होंने बताया कि किताब पढ़ने में दो साल लग गए क्योंकि, वह संस्कृत में थी। लेकिन जैसे-जैसे किताब पढ़ती गई पूरी सोच ही बदलती गई। हर रविवार चर्च जाने वाली एंजेला के मन में सनातन के लिए जिज्ञासा बढ़ने लगी। दोस्तों की मदद से उन्होंने परमहंस योगानंद और जी. कृष्णमूर्ति को भी पढ़ना शुरू किया। यह सब करीब तीन साल तक चलता रहा। इस दौरान कई किताबें उन्होंने खंगाल डालीं। वर्ष 1994 में वह पहली बार टूरिस्ट वीजा पर भारत आईं। दोस्तों के साथ कश्मीर और उत्तराखंड के साथ ही काशी और आगरा की भी उन्होंने यात्रा की। तब वह 24 वर्ष की थीं। ज्योतिर्लिंगों की यात्रा करते हुए वह नागेश्वर भी गईं, क्योंकि उन्हें बताया गया था कि उनकी राशि के मुताबिक यह ज्योतिर्लिंग है।

## फ्रांस से आए गणित के प्रोफेसर बन गए संन्यासी



सनातन धर्म के महात्म्य से प्रभावित कई विदेशी भी इस बार महाकुंभ में सनातनी संत बन जाएंगे। फ्रांस की सबसे बड़ी मैथ की यूनिवर्सिटी सारबोर्न के गणित के प्रोफेसर फेड्रिक ब्रूनो अपनी नौकरी छोड़कर जूना अखाड़े का हिस्सा बन गए हैं। ब्रूनो अब गणित की दुनिया त्याग कर अध्यात्म की दुनिया में शामिल होना चाहते हैं। अपनी पत्नी और तीन बेटे-बेटियों के साथ गृहस्थ जीवन जी रहे फ्रांस के इस गणित के प्रोफेसर को जूना अखाड़े की सन्यासी की दीक्षा महाकुंभ में दी जाएगी। जूना अखाड़े के थाना पति घनानंद गिरी को अपना गुरु स्वीकार कर चुके प्रोफेसर ब्रूनो महाकुंभ में ब्रूनो गिरी बन जाएंगे। ब्रूनो के गुरु जूना अखाड़े में थानापति घनानंद गिरी बताते हैं कि ब्रूनो अक्सर हरिद्वार स्थित उनके आश्रम में आते थे, जहां वह योग की शिक्षा लेते थे। योग से ब्रूनो बहुत आकर्षित हुए। योग से जुड़ने के बाद ब्रूनो ने हिंदू धर्म शास्त्रों का अध्ययन किया।

## चिंतन

# इकोनॉमी व ईकोसिस्टम में सुधार से युवा होंगे सशक्त

युवा देश की ताकत हैं, उनमें देश को बदलने व नई दिशा देने की ऊर्जा व क्षमता है। बिना युवाओं के योगदान के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश के युवाओं से पीएम नरेन्द्र मोदी का संवाद करना इन्हीं ताकत को एड्रेस करना व प्रेरित करना है। युवा शक्ति के साथ इस संवाद में पीएम ने लक्ष्य के साथ जीने, काबिल बनने, विकसित भारत पर बात की। युवाओं को प्रेरित करने के लिए विवेकानंद जयंती के अवसर का चयन भी सराहनीय है और उनके समक्ष विकसित भारत के ध्येय व राष्ट्र के भविष्य को संवारने का संकल्प दोहराना भी अच्छा आइडिया है, लेकिन देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें सरकार द्वारा एड्रेस किए बिना विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक हासिल नहीं किया जा सकता है। पीएम के विचार में विकसित भारत की संकल्पना में ऐसा भारत है जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था (इकोनॉमी) भी बुलंद होगी और राष्ट्र का ईकोसिस्टम (परिस्थितिकी) भी शानदार होगा। भारत विश्व में सर्वाधिक युवाओं वाला देश है, इसी के साथ देश के अधिकांश युवाओं के सामने अनेक बाधाएं हैं और राष्ट्र का ईकोसिस्टम ही खंडित, भ्रमित, भ्रष्ट और विभाजनकारी है। इसके भी कई कारण हैं। चौदह वर्ष तक निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा के अधिकार के बावजूद देश में करोड़ों बच्चे नियमित स्कूल से दूर हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बावजूद अभी भी प्राथमिक शिक्षा के प्रति कोई राष्ट्रीय अवधारणा और मॉडल नहीं है। एक देश एक चुनाव की बात तो होती है, पर एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक पाठ्यक्रम की बात नहीं होती है। स्कूली शिक्षा के अलग-अलग बोर्ड व अलग-अलग पाठ्यक्रम के चलते जीवन, परिवार, समाज व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण व बोध के साथ बच्चे युवा अवस्था में पहुंचते हैं। ऐसे में युवाओं में भारतीयता व भारतीय संस्कृति से पूर्ण राष्ट्रीय बोध विकसित नहीं हो पाता है। सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का ईकोसिस्टम भी देश में विकसित नहीं हो सका है। सभी संवैधानिक अधिकार के बावजूद देश में अनेक स्तर पर भेदभाव का ईकोसिस्टम है। युवाओं के सामने रोजगार व रोजी-रोटी की बड़ी समस्या है। गरीबी, बीमारी की चुनौती देश के सामने है। सभी के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य सेवा का अभाव है। देश में एक लाख से भी कम सरकारी व निजी अस्पताल हैं। पेयजल, बिजली, ट्रांसपोर्ट आदि की सुविधाएं भी सभी तक नहीं हैं। डार्क वेब, क्रिप्टो, डिजिटल रीच नई चुनौतियां हैं। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद व नक्सलवाद से देश पहले से जूझ रहा है। फ्रीबिज कल्चर से वोट बैंक साधे जा रहे हैं। जिस देश में करीब 81 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम प्रतिमाह मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, उस देश के ऐसे युवा विकसित भारत की यात्रा में कैसे भागीदार होंगे? बेशक देश प्रगतिपथ पर है, पर रेवड़ी कल्चर, जातिवादी व विभाजनकारी राजनीति से देश का ईकोसिस्टम खराब ही हो रहा है। इसको सुधारे बिना हम विकसित भारत की कल्पना कैसे कर सकते हैं? डा. भीमराव आंबेडकर के सोशल व इकोनोमिक डेमोक्रेसी भी लागू करने होंगे। प्रशासनिक, पुलिस, राजनीतिक, न्यायिक सुधार भी करने होंगे। सबके लिए समान आर्थिक अवसर का ईकोसिस्टम भी बनाना होगा और आर्थिक सुधार के अगले चरण भी करने होंगे।



हिंसा
प्रमोद भार्गव

# नक्सलवाद का खात्मा बड़ी चुनौती

> केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं। यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों द्वारा बिछाए गए अति तीव्र विस्फोटक की चपेट में आकर एक आरक्षित गार्ड समेत आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोटक इतना तीव्र था कि जवानों के वाहन स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। नक्सलियों की यह चुनौती उस समय मिली है, जब नक्सलियों के संगठनों के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इस चुनौती ने साफ कर दिया है कि नक्सलियों का वैसा दमन अब तक नहीं हो सका है, जैसी उम्मीद की जा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं।

यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षााबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004-14 में नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004-14 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई है और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र



कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सालियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं और इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका है, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों, छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है।

हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ है कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में नक्सली नेता हिडमा का बोलबाला रहा है।

वह सरकार और सुरक्षाबलों को लगातार चुनौती दे रहा है, जबकि राज्य एवं केंद्र सरकार के पास मोदी सरकार से पहले रणनीति और दृढ़ इच्छा षक्ति की हमेशा कमी रही थी। तथाकथित शहरी माओवादी बौद्धिकों के दबाव में भी मनमोहन सिंह सरकार रही। इस कारण भी इस समस्या का हल दूर की कौड़ी बना रहा। यही वजह थी कि नक्सली क्षेत्र में जब भी कोई विकास कार्य या चुनाव प्रक्रिया संपन्न होती थी तो नक्सली उसमें रोड़ा अटका देते थे। नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही हैं, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है ? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। जब किसी भी किस्म का चरमपंथ राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बन जाए तो जरूरी हो जाता है कि उसे नेस्तनाबूद करने के लिए जो भी कारगर उपाय उचित हों, उनका उपयोग किया जाए ? हालांकि देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। लेकिन अब इस चरमपंथ पर अंकुश लगाना जरूरी है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आस्था
प्रत्यूष शर्मा



# पोषण की देवी का उत्सव है शाकंभरी पूर्णिमा

शाकंभरी पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। यह सौभाग्यशाली दिन पौष महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर जनवरी महीने में आता है। इस दिन, भक्त पोषण प्रदान करने के लिए देवी को अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पौष पूर्णिमा के दिन ही शाकंभरी जयन्ती मनायी जाती है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 को सुबह 05 बजकर 03 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 14 जनवरी 2025 को सुबह 3 बजकर 56 मिनट पर इसका समापन होगा। भागवत पुराण में वर्णित शाकंभरी देवी के बारे में कहा जाता है कि वे असुर दुर्गम द्वारा फैलाए गए भयंकर सूखे को रोकने के उद्देश्य से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। ब्राह्मणों और पीड़ित प्राणियों की प्रार्थना के परिणामस्वरूप, शाकंभरी देवी संतुलन और समृद्धि को बहाल करने के इरादे से प्रकट हुईं। देवी मां ने वनस्पति उत्पादों की एक किस्म का निर्माण करके यह सुनिश्चित किया कि पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों को पोषण मिले। इसी कारण देवी शाकंभरी को 'पोषण की देवी' कहा गया। देवी महात्म्य में उल्लेख है कि सौ साल के सूखे के बाद देवी दुर्गा शाकंभरी माता के रूप में प्रकट हुईं। सभी पौधे सूख गए थे और खाने के लिए कुछ भी नहीं था। शाकंभरी माता ने लोगों की भूख मिटाने के लिए अपने शरीर से फल, फूल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां उत्पन्न कीं। शाकंभरी पूर्णिमा आठ दिवसीय शाकंभरी नवरात्रि उत्सव का समापन है। शाकंभरी नवरात्रि अष्टमी को शुरू होती है और पूर्णिमा को समाप्त होती है, जबकि अन्य नवरात्रि उत्सव शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होते हैं। शाकंभरी देवी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए भक्त शाकंभरी नवरात्रि के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं। वे सुबह जल्दी उठते हैं, स्नान करते हैं और देवी की पूजा करते हैं। आरती की जाती है, देवी को फूल और मिठाई अर्पित की जाती है और दीये जलाए जाते हैं। शाकंभरी देवी का आशीर्वाद लेने के साथ, भक्त दुर्गा चालीसा का भी पाठ करते हैं। शाकंभरी देवी का सबसे प्रसिद्ध मंदिर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित है। शाकंभरी पूर्णिमा के दौरान बड़ी संख्या में भक्त देवी की कृपा पाने के लिए इस मंदिर में आते हैं। शाकंभरी माता की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें पूरे देश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। शाकंभरी नवरात्रि सहारनपुर के अलावा भारत के कई क्षेत्रों में मनाई जाती है। राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों में भक्त बनशंकरी देवी सहित विभिन्न नामों से देवी की पूजा करते हैं। कर्नाटक के बादामी में बनशंकरी मंदिर में भक्त देवी की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। शाकंभरी नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में भक्त शाकंभरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपवास रखते हैं। यह व्रत शरीर और मन को शुद्ध करके भक्तों को देवी की सकारात्मक औऱ दिव्य ऊर्जा का अनुभव करने में सक्षम बनाता है। उपवास की प्रक्रिया सुबह जल्दी उठने के साथ शुरू होती है, जिसके बाद स्नान किया जाता है। भक्ति क्षेत्र को शुद्ध करने के बाद, देवता को गंगाजल चढ़ाया जाता है। प्रसाद, ताजे फल, सब्जियां और फूल पूजा स्थल में रखे जाते हैं। शाकंभरी देवी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्त बनशंकरी मंत्र, प्रार्थनाएं और मंत्र पढ़ते हैं। सनातन धर्म में पूजा के संदर्भ में मंत्रों का बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि शाकंभरी देवी से जुड़े मंत्रों का जाप करने से आध्यात्मिक उन्नति औऱ जातक का कल्याण होता है। शाकंभरी देवी की पूजा 'ॐ शाकंभरी-देव्यै नमः' के जाप के माध्यम से की जाती है, जो मुख्य मंत्र है, जिसका उपयोग देवी की कृपा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। देवी शाकंभरी का नाम बागवानी, फलों और हरी-भरी पत्तियों के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। पोषण की देवी के रूप में, वो सभी जीवों के लिए पर्याप्त मात्रा में पोषण देती हैं। कमल उनके ऊपरी दाहिने हाथ में है, जबकि रक्षा और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करने वाला धनुष और बाण उनके ऊपरी बाएं हाथ में है। फलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों और फूलों से देवी का श्रृंगार किया जाता है जो पोषण प्रदाता और वनस्पतियों के संरक्षक के रूप में उनकी दिव्य अनुभूति का प्रतीक है। शाकंभरी पूर्णिमा एक शुभ और आनंदमय अवसर है । इस दिन माता शाकंभरी की पूजा अर्चना के साथ, गंगा स्नान और दान पुण्य का विशेष महत्व है।



(लेखक इंडियन ओवरसीज बैंक में सहायक प्रबंधक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# नए दिन को देखने की कोशिश



संकलित
## दर्शन

ओसो कहते हैं, हम वर्ष में कभी-कभी नए दिन को देखने की कोशिश करते हैं। जिसके पास ताजा मन हो, वह हर चीज को ताजी और नई कर लेता है। लेकिन ताजा मन हमारे पास नहीं है, तो हम चीजों को नया करते हैं। नए की खोज जरूर है मन में, होनी भी चाहिए। दो तरह की नए की खोज होती है। एक तो स्वयं को नया करने की खोज होती है। जो आदमी स्वयं को नया कर लेता है, उसके लिए कभी कोई चीज पुरानी होती ही नहीं। जो अपने मन को रोज नया कर लेता है, उसके लिए हर चीज रोज नई हो जाती है, क्योंकि वह आदमी रोज नया हो जाता है। जो अपने को नया नहीं कर पाता उसके लिए सब चीजें पुरानी ही होती हैं। दूसरे, लोग स्वयं को नया नहीं करते, बल्कि चीजों को नया करते हैं, इसलिए उनके लिए रोज नया नहीं होता, कभी-कभी नया होता है। दुनिया में दो तरह के लोग हैं- एक वे, जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं। दूसरे वे, जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। इन्हें भौतिकतावादी कहना चाहिए, जो चीजों को नया करने की तलाश में है। भौतिकतावादी और अध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। अध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि, जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करनेवाला भी नहीं बचा, पुराने को देखनेवाला भी नहीं बचा, हर चीज नई हो जाएगी।

# विवेकानंद जब काली मां के पास गए



संकलित
## प्रेरणा

विवेकानंद के जीवन में एक बहुत अद्भुत घटना घटी। एक बार उनकी मां बहुत बीमार थीं और मृत्युशैय्या पर थीं। विवेकानंद के पास पैसे नहीं थे कि वह अपनी मां के लिए दवा और खाना ला सकें। यह सोचकर उन्हें अपने पर बहुत गुस्सा आया कि वह अपनी बीमार मां का ध्यान भी नहीं रख सकते। वह रामकृष्ण के पास गए। उन्होंने रामकृष्ण से कहा, इन सारी फालतू चीजों, इस आध्यात्मिकता से मुझे क्या लाभ है। अगर मेरे पास कोई नौकरी होती तो मैं काम करता और अपनी मां का खयाल रख पाता। मैं उसे भोजन दे पाता। उसके लिए दवाई ला पाता। रामकृष्ण काली के उपासक थे। उनके घर में काली का मंदिर था। वह बोले, क्या तुम्हारी मां को दवा और भोजन की जरूरत है? जो भी तुम्हें चाहिए, वह तुम मां से क्यों नहीं मांगते? विवेकानंद को यह सुझाव पसंद आया और वह मंदिर में गए। एक घंटे बाद जब वह बाहर आए तो रामकृष्ण ने पूछा, क्या तुमने मां से अपनी मां के लिए भोजन, पैसा और बाकी चीजें मांगीं? विवेकानंद ने जवाब दिया, नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण बोले, 'फिर से अंदर जाओ और मांगो।' विवेकानंद फिर से मंदिर गए और चार घंटे बाद वापस लौटे। रामकृष्ण ने उनसे पूछा, 'क्या तुमने मां से मांगा?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण फिर से बोले, 'फिर अंदर जाओ।' विवेकानंद लगभग आठ घंटे बाद बाहर आए। रामकृष्ण ने पूछा, 'क्या तुमने मां से वे चीजें मांगीं?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, अब मैं नहीं मांगूंगा। मुझे मांगने की जरूरत नहीं है।' रामकृष्ण ने जवाब दिया, 'यह अच्छी बात है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-मनहरण साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विश्व के मार्गदर्शक स्वामी



सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने वाले महान युवा संन्यासी, स्वामी विवेकानंद ने विश्व को यह दिखाया कि हिंदू धर्म मानवता का सच्चा मार्गदर्शक है। आइए, उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्पित हों।

**-योगी आदित्यनाथ,सीएम, उप्र**

### हादसे की जिम्मेदार भाजपा



कन्नौज के रेलवे विभाग का हादसा भाजपा के महा भ्रष्टाचार के महा लालच के कारण हुआ है। जब सारे ठेके कमीशन लेकर दिए जाएंगे और ठेकेदार भी किसी और को ठेके पर देकर, अपना लाभ काम किए बिना कमाकर निकल जाएगा तो ऐसे ही थर्ड क्लास जानलेवा निर्माण कार्य होंगे।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन



लंदन स्थित अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियोज़ आने वाले समय में न सिर्फ़ ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन सिद्ध होगा, बल्कि यह 'इंडिया-यूके' के रिश्तों का एक नया डायमेंशन बन कर उभरेगा!

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

### फिल्म खुद को खोजे



बर्लिन में 'मासूम' की स्क्रीनिंग के दौरान दर्शकों से, जो अभी भी अपने आँसू पोंछ रहे थे, मैंने कहा 'एक निर्देशक के तौर पर मैं फिल्म नहीं बनाता। मैं एक फिल्म को खुद को खोजने की इजाजत देता हूं।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# किसानों को मौसम संबंधी सलाह देने स्थायी ढांचा की योजना

केंद्र सरकार उन जिला कृषि मौसम विज्ञान इकाइयों (डीएएमयू) के कामकाज को जारी रखने के लिए एक स्थायी ढांचा स्थापित करना चाहती है जो पिछले साल बंद होने तक तदर्थ तरीके से काम कर रही थीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन ने यह जानकारी दी। पिछले साल अगस्त में खबर दी थी कि सरकार का इरादा डीएएमयू को पुनर्जीवित करने का है, जो नीति आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप पिछले साल बंद होने से पहले लाखों किसानों को प्रखंड-स्तरीय मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करती थीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और कृषि मंत्रालय ने 'पायलट प्रोजेक्ट' के हिस्से के रूप में किसानों को मौसम की जानकारी प्रदान की। डीएएमयू में कृषि मौसम विज्ञानी विश्लेषण करते हैं कि मौसम की स्थिति फसलों को कैसे प्रभावित करेगी। उनकी प्राथमिक भूमिका किसानों को सलाह देना है। प्रणाली अच्छी तरह से काम करती है, लेकिन इसे तदर्थ नहीं रहना चाहिए, इसे स्थायी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार इस अहम कार्य को पूरा करने के लिए एक ठोस ढांचा स्थापित करना चाहती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने डीएएमयू को पुनर्जीवित करने के महत्व के बारे में प्रधानमंत्री कार्यालय को भी लिखा है और इनके बंद होने से संबंधित चिंताओं को भी व्यक्त किया है।



## ऑफ बीट

# बाहर खाना खाने पर फूड पॉयजनिंग का डर ज्यादा

बाहर खाना खाते समय मैं शायद ही कभी खुले में खाना खाता हूँ - चाहे पिकनिक हो या बारबेक्यू - क्योंकि बाहर खाना खाने पर फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। भोजन खाते समय अपने हाथ साफ रखना बीमार न होने की कुंजी है, लेकिन पार्क या समुद्र तट पर आपको कितनी बार गर्म बहता पानी और साबुन मिलता है? आप अल्कोहल हैंड जैल का उपयोग कर सकते हैं (वे कुछ नहीं से बेहतर हैं), लेकिन वे सभी कीटाणुओं को नहीं मारते हैं। इसके अलावा, भोजन मक्खियों, ततैया और चींटियों जैसे उड़ने वाले और रेंगने वाले जीवों को आकर्षित करता है, जो आपके भोजन में ई कोली, साल्मोनेला और लिस्टेरिया सहित रोगाणुओं को स्थानांतरित कर सकते हैं। खराब हो सकने वाले भोजन को ठंडा और ढककर रखना आवश्यक है क्योंकि अगर भोजन को कुछ घंटों से अधिक समय तक 30 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहने दिया जाए तो कीटाणुओं की संख्या दोगुनी हो सकती है। बारबेक्यू के लिए, मांस को अच्छी तरह से पकाया जाना चाहिए, और खाद्य विषाक्तता से बचने के लिए मांस थर्मामीटर एक अच्छा निवेश है। यदि मांस का आंतरिक तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से कम हो तो मांस न खाएं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
सोमवार, 13 जनवरी 2025
पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 23, अंक : 178
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**


मौसम
अधि. 29.0
न्यूून. 15.5

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05
महाकुंभ में शिव तांडव की देंगी प्रस्तुति

विचार पेज
नक्सलवाद का खात्मा बड़ी चुनौती




## प्रोफेसर पर हमला आंध्र में पकड़ाया मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- पूर्व सीएम के बेटे व बेटी से हुई थी पूछताछ
- पीड़ित शासकीय डॉ. खूबचंद बघेल कालेज में पदस्थ

प्रोफेसर पर हुए बहुचर्चित हमला मामले में पुलिस के मुख्य आरोपी को पकड़ने का मामला सामने आया है। हालांकि इसे लेकर एसपी जितेंद्र शुक्ला ने इंकर कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शासकीय डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई तीन में पदस्थ प्रो. विनोद शर्मा पर 19 जुलाई 2024 को प्राण घातक हमला हुआ था। इसका आरोपी भिलाई तीन निवासी प्रोबीर शर्मा को उसकी डॉ. पत्नी के साथ भिलाई तीन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने दबिश देकर पकड़ लिया है। प्रोबीर शर्मा पर एसपी जितेंद्र शुक्ला ने 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने पहले ही मध्यप्रदेश से तीन आरोपियों के मोबाइल लोकेशन खंगालने के बाद प्रिंस उर्फ प्रसून पांडेय, अमन उर्फ उत्कर्ष द्विवेदी, करण पाठक को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा प्रोबीर शर्मा समेत तीन युवक फरार थे। आरोपी प्रोबीर शर्मा को पकड़ने के लिए पुलिस टीम आंध्रप्रदेश के काकीनाड़ा पहुंची थी। जैसे ही टीम को प्रोबीर की जानकारी मिली, घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### गौतम अदाणी ने की सीएम साय से मुलाकात, कई परियोजनाओं पर काम करेगा समूह

# छग में सीमेंट और एनर्जी में अदाणी समूह करेगा 65 हजार करोड़ का बड़ा निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अदाणी समूह की रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में पॉवर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60 हजार करोड़ रुपए के निवेश की योजना है। परियोजना से छत्तीसगढ़ की विद्युत उत्पादन क्षमता में अतिरिक्त 6120 मेगावाट की वृद्धि होगी। ऊर्जा के क्षेत्र में इस बड़े विस्तार से राज्य न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि अन्य राज्यों को ऊर्जा आपूर्ति में भी मदद करेगा। साथ ही अदाणी समूह ने राज्य में सीमेंट प्लांट के विस्तार के लिए 5000 करोड़ रुपए के निवेश पर सहमति व्यक्त की। समूह द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 65 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी रविवार को रायपुर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान श्री अदाणी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की दूरदर्शी एवं पारदर्शी नीतियों ने उद्योगपतियों का भरोसा जीता है। उसके बाद राज्य में अदाणी समूह ने भारी-भरकम निवेश का ऐलान किया। मुख्यमंत्री और श्री अदाणी की मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 3 पर



### स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने पर होगा काम

स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देने पर भी यह समूह काम करेगा, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। एम्स रायपुर और मेकाहारा अस्पताल के पास मरीजों के परिजनों के लिए 1000 बेड डॉरमेट्री की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

### पर्यटन और ग्रामीण विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति

अदाणी समूह छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने नई परियोजनाओं पर काम करेगा। इससे प्राकृतिक सौंदर्य और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान मिल सकेगी। इसी तरह ग्रामीण विकास के अंतर्गत सुविधाओं को विस्तार देने पर भी काम किया जाएगा।

### सीआरआर के तहत अदाणी ग्रुप करेगा खर्च

अदाणी ग्रुप सीआरआर यानी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और पर्यटन के क्षेत्र में अपना योगदान देगा। सीआरआर के तहत अगले चार साल में कुल 10 हजार करोड़ रुपए की सहायता अदाणी ग्रुप द्वारा दी जाएगी।

### तकनीकी शिक्षा पर विशेष जोर

अदाणी समूह युवाओं के लिए रोजगार आधारित कौशल विकास के लिए काम करेगा। इससे तकनीकी कौशल आधारित मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता होगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भविष्य की जरूरतों के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन किया जाएगा, ताकि स्थानीय युवाओं को पर्याप्त अवसर मिले। साथ ही अदाणी समूह छत्तीसगढ़ में शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देने स्किलिंग एक्सीलेंस स्कूल और नवा रायपुर में प्रीमियम स्कूल की स्थापना करेगा।

## छत्तीसगढ़ के प्रभतेज बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को रविवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड की विशेष आम बैठक में निर्विरोध सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया। जय शाह और आशीष शेलार के त्यागपत्र देने के बाद यह दोनों पद रिक्त पड़े थे। सैकिया और भाटिया इन रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण निर्विरोध चुने गए। सैकिया असम और भाटिया छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। पिछले महीने आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद शाह को सचिव पद छोड़ना पड़ा ▶▶| शेष पेज 3 पर

### सैकिया चुने गए सचिव



देवजीत सैकिया


प्रभतेज सिंह भाटिया

### आईपीएल का आगाज 21 मार्च से

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एसजीएम के बाद पत्रकारों से कहा कि आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। इस दिन टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा।

MANGALAYATAN UNIVERSITY
JABALPUR
(Established. under the gazette notification of State of M.P.) (UGC approved u/s 2(f))
Inviting application for the following Positions
Professor/ Assoc. Professor/ Asst. Professor
MANAGEMENT, COMMERCE, LAW, COMPUTER SCIENCE, VETERINARY, PHARMACEUTICAL SCIENCE, FORENSIC SCIENCE, AGRICULTURE,
Assoc. Professor (Agronomy), Assoc. Professor (Agriculture Economics with specialization in statistics),
Assoc. Professor (Agricultural Extension Education)
Assoc. Professor (Plant pathology with specialization in Nematology, Assoc. Professor (Animal Science)
Interested candidates may send their CV with relevant documents through --Email to hr@mangalayatan.ac.in
Contact No.: 9096044400 Last date to apply : 20th Jan 25
Mangalayatan University NH-30, Mandla Road, Near Sharda Devi Mandir, Barela, Jabalpur



# अतिशी ने चुनाव लड़ने मांगा चंदा, 4 घंटे में मिले 10 लाख, कांग्रेस-भाजपा ने साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि हमें चुनाव लड़ने के लिए लोगों की मदद जरूरत है और कुल 40 लाख रुपये चाहिए। उनकी इस अपील का लोगों पर ऐसा असर हुआ की महज 4 घंटे में ही उन्हें 10.32 लाख रुपये का चंदा मिल गया। उम्मीद की जा रही है कि उन्हें बहुत ही जल्द 40 रुपये की राशि चंदे में मिल जाएगी। आतिशी ने कहा कि ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली विधानसभा चुनाव में मेरे क्राउड फंडिंग कैंपेन को सपोर्ट करें। वहीं आतिशी के क्राउड फंडिंग कैंपेन को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने निशाना साधा है। बता दें कि आतिशी कालकाजी विधानसभा सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहीं हैं। उनका मुकाबला पूर्व सांसद और भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस की अलका लांबा से है। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा। नतीजे 8 फरवरी को आएंगे।

### ईमानदार हैं तो अपने पैसे से लड़ें ना : अलका लांबा



दिल्ली की सीएम आतिशी ने क्राउड फंड कैम्पेन शुरू किया है। इस पर कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा की तीखी प्रतिक्रिया आई है। अलका लांबा ने कहा आतिशी आज जनता से पैसे मांग रही हैं। अगर वह ईमानदार हैं तो अपने पैसे से चुनाव लड़े ना। हमने और जनता ने देखा है कि आम आदमी पार्टी ने कैसे शराब घोटाला किया है। अब दिल्ली धोखे में नहीं आएगी। दिल्ली की जनता अब कांग्रेस की ओर देख रही है।

### पिछले 10 साल से याद नहीं आई जानता की : भाजपा

दिल्ली में भाजपा के उम्मीदवार कपिल मिश्रा ने आतिश के क्राउड कैंपेन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार को पिछले 10 सालों से जनता की याद नहीं आई। इस दौरान जो जमकर भ्रष्टाचार किया है वह छुपाने के लिए आतिशी लोगों से चुनाव के लिए फंडिंग करने का ढोंग रच रहीं हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की जनता आप और कांग्रेस दोनों के शासनकाल से त्रस्त हो गई है और जल्द ही वह इसका जवाब भी इन्हें देगी।

### कांग्रेस बेरोजगारो को हर महीने देगी 8500 रुपये

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने अपनी तीसरी गांरटी में युवा उड़ान योजना के तहत बेरोजगार युवाओं सहारा देने के लिए हर महीने 8500 रुपये देने और एक साल की अप्रेंटिसशिप देने का एलान किया है। इससे पहले पार्टी प्यारी दीदी योजना और हर व्यक्ति को 25 लाख का बीमा देने का एलान कर चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इस योजना की घोषणा की है।

# बीपीएससी परीक्षा : बिहार बंद में कई जगह तोड़फोड़, पप्पू यादव हिरासत में लिए गए

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा को लेकर बिहार में हंगामा थम नहीं रहा है। दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने आज बिहार बंद का आह्वान किया। इस दौरान पप्पू सड़क पर कफन पहनकर निकले। बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उनके समर्थकों ने हंगामा मचाते हुए सड़कों पर टायर जलाए और जबरन दुकानें बंद कराई। पटना, समस्तीपुर, मधेपुरा और सहरसा समेत कई जिलों में बंद का असर देखने को मिला।

**कफन ओढ़े पप्पू यादव ने बंद करवाई दुकानें :** पटना में छात्र युवा शक्ति संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को धमकाते हुए जबरन दुकानें बंद कराईं। विरोध करने वालों से मारपीट भी की गई। पटना पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया। पप्पू खुद कफन ओढ़ कर सड़क पर उतरे और लोगों से बंद का सहयोग करने की अपील की।

### पप्पू बोले- सरकार का राम नाम सत्य करना है

पप्पू ने 'एक्स' पर लिखा, 'बीपीएससी परीक्षार्थियों की दोबारा परीक्षा नहीं हुई तो रामनामी कफन ओढ़कर शपथ लेते हैं। बिहार सरकार का राम नाम सत्य कर देंगे! स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस पर, यह शपथ अटल है अटूट है।' एक चैनल से उन्होंने कहा, बिहार की जनता के पास कफन के अलावा कुछ नहीं बचा है। बिहार की जनता का गत कर दिया है इन लोगों ने 40 सालों में। अब हमारे पास भगवान ही एक सत्य है।

# मणिपुर में चीन निर्मित बम एके-56 समेत हथियारों का जखीरा बरामद

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी



एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों से सुरक्षा बलों ने भारी संख्या में हथियार बरामद किए हैं। चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत ओल्ड गेलमोल गांव में एक तलाशी अभियान के दौरान एक एके -56 राइफल और एक चीनी मूल के हथगोले सहित सात फायर आर्म्स बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल में मोरेह पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत गोवाजंग क्षेत्र में भी तलाशी अभियान चलाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना को लेकर कहा कि चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत ओल्ड गेलमोल गांव में एक तलाशी अभियान के दौरान फायर आर्म्स बरामद किए गए।


### पांच-पांच किलो की आईईडी की निष्क्रिय

सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल में मोरेह पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत गोवाजंग क्षेत्र में भी तलाशी अभियान चलाया और लगभग 5-5 किलोग्राम वजन वाले दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) और लगभग 12 किलोग्राम वजन वाला एक आईईडी बरामद किया। पिछले साल मई से मणिपुर में जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

**यूनुस सरकार ने भारतीय उच्चायुक्त ढको किया तलब**

# सीमा पर गोलीबारी को लेकर भारत-बांग्लादेश के बीच बढ़ी टेंशन

एजेंसी ▶▶| ढाका



बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है, यह कदम दोनों देशों के बीच सीमा तनाव के बढ़ने के बीच उठाया गया है। बांग्लादेश सरकार ने भारतीय सेना की ओर से सीमा क्षेत्र में कथित तौर पर फायरिंग का आरोप लगाया है। इस कथित घटना के बाद सरहद पर दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है। बीएसएफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, शुक्रवार की रात को बांग्लादेश की सीमा की ओर से कुछ तस्कर भारतीय सीमा में घुस गए और सेना के जवानों के मना करने के बावजूद वे वापस जाने के लिए राजी नहीं थे, इसके बाद उन्होंने जवानों के साथ आक्रमक रैवया दिखाया, इसलिए बीएसएफ को खाली राउंड फायरिंग करनी पड़ी।

### हथियारों से लैस थे तस्कर

यह घटना 10 और 11 जनवरी की दरमियानी रात को सीमा चौकी नवादा पर घटित हुई। हालांकि जब 15-20 हथियारबंद तस्करों के एक समूह ने बीएसएफ कर्मियों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए, तस्करी के सामान को जबरन सीमा पार ले जाने का प्रयास किया, तब बीएसएफ को गोली चलानी पड़ी। बीएसएफ ने कहा कि किसी के घायल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तस्करों के पास फेंसेडिल सिरप की 25 बोतलें, एक चाकू और एक टॉर्च थी जिसे वे छोड़ कर भाग गए।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला**

# मर्जी से अलग होने वाली पत्नी भी गुजारा भत्ता की हकदार




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि पति की मर्जी के खिलाफ महिला अगर अपनी मर्जी से वैध कारणों के आधार पर अलग रहती है तो भी वह गुजारा भत्ता की हकदार है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुआई वाली बेंच के सामने यह कानूनी सवाल था कि क्या एक पति जिसने दांपत्य जीवन बहाल करने के मामले में अपने फेवर में डिक्री यानी फैसला हासिल की है, वह सीआरपीसी की धारा-125 के तहत अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देने से बच सकता है? अगर पत्नी डिक्री के बावजूद पति के साथ रहने से इनकार करती है और वह अपने पति के साथ रहने को तैयार नहीं है तो भी क्या वह गुजारा भत्ता पाने की हकदार है?

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या दिया फैसला?

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर पत्नी के पास वैध और पर्याप्त कारण हैं, तो वह दांपत्य जीवन बहाल करने के लिए पति के फेवर में डिक्री होने के बाद भी उस डिक्री का पालन न करने के बावजूद वह भरण-पोषण का दावा करने का अधिकार रखती है। दरअसल, हिंदी मैरिज एक्ट की धारा-9 के तहत पति अपने वैवाहिक अधिकार को बहाल करने के लिए अर्जी दाखिल कर सकता है ताकि उसका दांपत्य जीवन बहाल हो सके।



## जैकेट के शेष

### महाकुंभ अमृत स्नान से ...

है, जबकि 2019 में यह 20 सेक्टर में था। घाटों की लंबाई आठ किलोमीटर (2019 में) से बढ़ाकर 12 किलोमीटर (2025 में) कर दी गई है। पार्किंग क्षेत्र भी 2019 में 1291 हेक्टेयर की तुलना में इस बार बढ़ाकर 1850 हेक्टेयर कर दिया गया है। उन्होंने कहा, जब आप 2013 और 2019 में किए गए कार्यों की तुलना करेंगे तो इसमें काफी बदलाव देखेंगे और इस बार आप इसमें काफी सुधार पाएंगे, क्योंकि पैसे के मामले में भी, पिछली बार हमने लगभग 3,500 करोड़ रुपए खर्च किए थे और इस बार यह दोगुना है और हम लगभग 7,000 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। सिंह ने कहा भारत सरकार के विभागों ने भी काफी निवेश किया है। रेलवे व राष्ट्रीय राजमार्गों में भी आप सुधार देखेंगे। मौनी अमावस्या की व्यवस्थाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर हमेशा सबसे अधिक संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा, इस बार मौनी अमावस्या (25 जनवरी से 30 जनवरी तक) के दौरान अनुमानित 4-5 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद है, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 3-4 करोड़ था।" मुख्य सचिव ने कहा कि छह महत्वपूर्ण (प्रमुख स्नान) तिथियां हैं जिन पर अधिक श्रद्धालु और अधिक भीड़ होगी। इसलिए, उन दिनों, एहतियात के तौर पर, राज्य सरकार किसी को भी कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं देती है। उन्होंने कहा, इसलिए, हम सभी वीवीआईपी से अनुरोध करते हैं कि वे उन छह दिनों में न आएं। हम उन्हें उन दिनों आमंत्रित करने का प्रयास करते हैं, जो प्रमुख स्नान के दिन नहीं होते हैं। सिंह ने कहा, महाकुंभ मेला 2025 में कल्पवासियों की अनुमानित संख्या 15-20 लाख है, जबकि कुंभ मेला 2019 में यह 10 लाख थी। उनके मुताबिक, पोंटून पुलों की संख्या 2025 में 30 हो गई है जो 2019 में 22 थी।

### नेशनल पार्क में ....

के बाद मौके से सर्चिंग के दौरान 2 महिला एवं 3 पुरुष वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किया गया है। मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर, एक 12 बोर, 2 सिंगल शॉट रायफल, 1 बीजीएल लांचर, 1 देशी गन भरमार सहित विस्फोटक पदार्थ, माओवादी साहित्य व नक्सल सामग्री बरामद हुआ है। मुठभेड में मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है। **9 के बदले 5 को मार गिराया** : अबूझमाड़ में नक्सलियों को मारकर घर लौट रहे जवानों को निशाना बनाकर नक्सलियों ने स्कार्पियो वाहन को विस्फोट से उड़ा दिया था, जिसमें डीआरजी और बस्तर फाइटर के 8 जवान समेत 1 वाहन चालक की मौत हो गई थी। उसके बाद से पुलिस फोर्स लगातार जंगल में गश्त कर रही है। आज 5 नक्सलियों को मार गिराकर फोर्स ने अपने 9 लोगों की शहादत का बदला लिया है। **नक्सलियों का करेंगे सफाया** : दक्षिण बस्तर का बीजापुर जिला इस समय सबसे ज्यादा नक्सल संवेदनशील इलाका है। जहां लगातार मुठभेड़ और मुखबिर के नाम पर जनअदालत लगाकर हत्या को अंजाम दिया जा रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने का अल्टीमेटम दिया है। पुलिस को लगातार मिल रही सफलता के बीच नए साल के शुरूआत में ही फोर्स को पहुंचे नुकसान को शासन-प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। यही कारण है कि जंगल में फोर्स की सक्रियता तेजी से बढ़ी है।

### प्रभाकर की पत्नी ....

गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा उक्त सूचना पर तस्दीकी की जा रही थी। इस दौरान 11 जनवरी को कांकेर के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र से मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे एवं नक्सल सहयोगी व शरण देने वाला श्यामनाथ उसेण्डी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे एवं श्यामनाथ उसेण्डी से पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विस्तृत जानकारी पृथक से दी जाएगी। गिरफ्तार महिला नक्सली हार्डकोर नक्सली प्रभाकर की पत्नी है।

### पीएससी घोटाले में ....

साहिल सोनवानी है। उनके अलावा श्रवण गोयल के बेटे शशांक गोयल तथा तथा महिला अभ्यर्थी भूमिका कटियार को पकड़ा गया है। भर्ती घोटाला मामले में सीबीआई अब तक सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पीएससी परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में 19 नवंबर को टामन सिंह सोनवानी तथा बजरंग इस्पात के पूर्व डायरेक्टर श्रवण गोयल की गिरफ्तारी के बाद पिछले दो दिनों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने टामन के मुंह बोला बेटा नीतेश सोनवानी के बाद रविवार को उनके भतीजे को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गनवीर को को गिरफ्तार किया है। दो दिन के भीतर जिन पांच लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। उन सभी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**चयन सूची में सरनेम गायब** : जिन अभ्यर्थियों का सीजीपीएससी में चयन हुआ था, उनमें टामन सिंह सोनवानी के रिश्तेदारों के नाम के आगे सरनेम गायब थे। नीतेश का वर्ष 2021 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन हुआ था। पीसीएससी में उनका स्थान सातवीं रैंक में था। जिन अभ्यर्थियों के नाम परीक्षा भर्ती में आया है, उन्हें अब तक नियुक्ति पत्र नहीं दी गई है। भविष्य में किसी भी तरह के विवाद से बचने सोनवानी के रिश्तेदारों के नाम के आगे सरनेम छिपाया गया था।

**साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी** : सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में अब तक जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनके खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। इस वजह से टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई को सीजीपीएससी परीक्षा लिक कराने की आशंका है।

**पहली कार्रवाई थाने में एफआईआर से** : परीक्षा भर्ती घोटाला मामले में पिछले वर्ष परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने पीएससी के चेरमैन टामन सिंह सोनवानी तथा अन्य के खिलाफ बालोद के अर्जुंदा थाने में परीक्षा के नाम पर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया था कि मेंस एग्जाम में अच्छा रिजल्ट आने के बाद भी उन्हें इंटरव्यू में नहीं बुलाया गया। इसके अलावा ऐसे अभ्यर्थी जो इंटरव्यू में शामिल नहीं हुए थे। उनका पीएससी में सलेक्शन होने का आरोप है। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच ईओडब्लू से कराने के साथ ही जांच की अनुशंसा सीबीआई से की।

### 17 को प्रदेश भाजपा ....

आने के बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव होगा। कोई नया अध्यक्ष बनेगा या फिर किरण देव को ही वापस अध्यक्ष बनाया जाएगा यह अभी तय नहीं है। अगर किरण देव को साय मंत्रिमंडल में लिया गया तो नया अध्यक्ष बनेगा। नए अध्यक्ष के लिए धरमलाल कौशिक, विक्रम उसेंडी, शिवरतन शर्मा, विजय बघेल के नाम चल रहे हैं।

### राष्ट्रीय परिषद के 17 ....

जाएंगे, इसके बाद इनका नामांकन भरवाने के बाद नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में चुनाव होने की स्थिति में जहां मतदान का अधिकार रहता है, वहीं प्रस्तावक और समर्थक भी बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभाएं हैं, ऐसे में इससे डेढ़ गुना 17 सदस्य यहां पर बनेंगे।

### मुझे परेशान अपनों ....

बाजारों का व्यवस्थापन हमारे कार्यकाल में हुआ। रोड-नाली का काम हमने किया। राजधानी का स्वरूप देने का काम किया। यातायात सुधारने का प्रयास किया और नया बस स्टैंड शुरू कराया।

▶▶ सालभर पहले विधानसभा चुनाव में शहर की चारों सीटें कांग्रेस हार गई?

▶▶ ▶▶ रायपुर ही नहीं, जितने शहर हैं, वहां पर महतारी वंदन योजना में 74 लाख महिलाओं को पैसे देने की बात का असर हुआ। प्रदेश के कई शहर बिलासपुर, रायगढ़ सहित कई जगहों पर हारे। रायपुर दक्षिण के चुनाव का संचालन मैंने किया था। यहां पर दो माह का पैसा एडवांस में महिलाओं को दे दिया गया था, जो हार का प्रमुख कारण रहा। मैंने राजनीति में नीचे से शुरुआत की थी। मुस्लिम फैक्टर के कारण मुझे शहर से विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया, ऐसा लगता है। स्वच्छता के लिए देश में रायपुर शहर छठे नंबर पर है, यहां एक मुस्लिम महापौर है। विधानसभा चुनाव लड़ाने से कांग्रेस डरती क्यों हैं। पार्षद चुनाव में सबसे ज्यादा मतों से जीता। अप्रत्यक्ष तरीके से महापौर चुना गया। पार्टी और पार्षदों का सहयोग मिला, जिससे यह पद मिला।

▶▶ साय और भूपेश सरकार में क्या अंतर देखते हैं?

▶▶ ▶▶ उस सरकार में लगता था कि मुख्यमंत्री है और सरकार नाम की कोई चीज है। इस सरकार का कोई विजन नहीं दिखता। सरकार में निर्णय लेने की कमी है। जो निर्णय लिए जाते हैं, ऊपर से लिए जा रहे हैं। सरकार में कोई ठोस काम अब तक देखने को नहीं मिला।

▶▶ महापौर रहते परिवार के स्तर पर कितने परेशान रहे?

▶▶ ▶▶ परिवार के लोगों ने ऐसा किया, वैसा किया, इसके नाम से परेशान रहा। मेरे परिवार के लोगों में विपरीत परिस्थिति में भी मैं विचलित नहीं हुआ। उस समय भी रायपुर के बारे में सोचता था। जो गलत है, वह गलत है। कानून की दृष्टि से जो अपराधी है, उसके साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिए, यह मेरी सोच रही है।

▶▶ आपकी भावी राजनीति की योजना क्या है? पत्नी के लिए महापौर का टिकट मांगेंगे?

▶▶ ▶▶ मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता। अगर पार्टी चाहेगी तो जहां से कहेगी, चुनाव लड़ूंगा। महापौर बनने के बाद अब चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं रही। सभापति के रूप में प्रमोद दुबे हमारे सहयोगी और समाधान रहे। महापौर पति कहलाने की इच्छा नहीं है। मेरी पत्नी ने स्वयं इंकार कर दिया था। उन्होंने कोई अच्छी महिला को टिकट मिले, यह खुद कहा। फिर भी पार्टी में उनके टिकट के लिए प्रयास करूंगा।

▶▶ नेता प्रतिपक्ष के रूप में मीनल चौबे के साथ कैसा अनुभव रहा। महापौर के रूप कैसी रहेंगी?

▶▶ ▶▶ नेता प्रतिपक्ष के रूप में मीनल चौबे एक अच्छी महिला हैं। नगर निगम के काम का अनुभव है। उनमें निगम चलाने की क्षमता है। फिर भी महापौर इस बार तो कांग्रेस की ही बनेंगी। हमने 70 वार्डों में जो काम किया है, उसका प्रतिफल महापौर चुनाव में कांग्रेस को मिलेगा।

# महाकुंभ में हेलीकॉप्टर से उतरे सशस्त्र कमांडो आतंकियों को किया 'ढेर', कुछ को दबोचा





एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

शनिवार को अचानक महाकुंभ में उस समय हड़कंप मच गया जबबोट क्लब के पास स्थित मौज गिरी आश्रम में शनिवार अपराह्न कुछ आतंकी घुस गए। इसका पता चलने पर एनएसजी व एटीएस के कमांडो ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। फिर रणनीतिक ढंग से कुछ आतंकियों को मारकर ढेर किया तो कुछ को दबोच लिया। हवा में उड़ते हेलीकॉप्टर से भी कई सशस्त्र कमांडो उतरे, जिन्हें देख आसपास के लोग अचरज में पड़ गए। यद्यपि यह हकीकत नहीं, बल्कि माकड्रिल थी।

कमांडो ने संगम क्षेत्र में भी पूर्वाभ्यास किया। महाकुंभ की सुरक्षा में एनएसजी, एटीएस सहित कई सुरक्षा एजेंसियों के जवान तैनात हैं।इससे पहले मेला क्षेत्र, मंदिर, संग्रहालय, बालसन चौराहे सहित कई स्थान पर पूर्वाभ्यास किया था। दिव्य और भव्य महाकुंभ को सुरक्षित महाकुंभ बनाने के लिए सभी प्रवेश मार्गों पर नाकाबंदी कर दी गई है।

### कैसा उपस्थित हुआ दृश्य इन हथियारों का प्रयोग

मॉक ड्रिल के दौरान यहां एकाएक आश्रम के पास पुलिस पहुंचने लगी। थोड़ी देर में आसमान में हेलीकॉप्टर उड़ते दिखाई देने लगे। इसी दौरान हेलीकॉप्टर से एक-एक करके कमांडो नीचे उतरने लगे। जमीन पर आते ही उन्होंने मोर्चा संभाला और फिर भीतर जाकर आतंकियों से मोर्चा लिया। एनएसजी कमांडो ने एमपीएस, एके-47, कार्नर शॉट गन और ग्लॉक 17 जैसे आधुनिक हथियारों का प्रयोग किया।

### जमीन-आसमान और पानी से पहुंचे कमांडो

प्रयागराज महाकुंभ में मॉक ड्रिल के दौरान एनएसजी कमांडो जमीन, आसमान और पानी से घटनास्थल पहुंचे। संगम में स्पीड बोट से उतरे कमांडो ने बंधकों को छुड़ाया। यह संयुक्त अभ्यास 9 घंटे तक चला। एनएसजी कमांडो ने एमपीएस, एके-47, कार्नर शॉट गन और ग्लॉक 17 जैसे आधुनिक हथियारों का प्रयोग किया। एमआई-7 हेलिकॉप्टर भी तैनात रहेगा। महाकुंभ में एनएसजी की पांच विशेष टुकड़ियां तैनात रहेंगी। **महाकुंभ 2025: सुरक्षा का बड़ा चैलेंज** : महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह किसी चुनौती से कम नहीं है। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे मंदिर, अखाड़ा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### पतंजलि विवि में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ

# शास्त्र संरक्षण से विश्व में होगा सनातन का प्रसार : रामदेव



**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में मानविकी एवं प्राच्यविद्या संकाय के अंतर्गत दर्शन एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ संस्थागत स्वर्ण शलाका प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने कहा कि शास्त्रों की परंपरा को आत्मसात कर योग मार्ग, वेद मार्ग, ऋषि मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषार्थ ज्ञान एवं भक्तियुक्त होना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हम शास्त्रों का अनुसरण करें तो शास्त्र हमारा संरक्षण और संवर्धन करेंगे। शास्त्र स्मरण से सनातन परंपरा के संरक्षण में पतंजलि विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारतीय संस्कृति और सनातन गौरव शास्त्रों के माध्यम से ही आज तक अक्षुण्ण है। चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण तथा विश्व बंधुत्व और विश्व शांति के लिए शास्त्रों की परंपरा अत्यंत कल्याणकारी है। इस प्रक्रिया में पतंजलि विश्वविद्यालय पूर्ण दृढ़ता और मनोयोग के साथ कार्य कर रहा है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 8 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों का मुद्दा लंबे समय से विवाद का कारण बना हुआ है। एक बार फिर श्रीलंका नेवी ने भारतीय मछुआरों पर कार्रवाई की है। शनिवार को श्रीलंकाई नौसेना ने मन्नार के उत्तर में समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में 8 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और 2 ट्रॉलरों को जब्त कर लिया। 2024 में अब तक श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध मछली पकड़ने के आरोप में 529 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है।



# मुर्मू ने लोहड़ी सहित अन्य त्योहारों की दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फसलों की कटाई से संबंधित त्योहारों- लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू से पहले रविवार को देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि ये त्योहार सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आएंगे। लोहड़ी का त्योहार सोमवार को तथा मकर संक्रांति एवं पोंगल मंगलवार को मनाया जाएगा। मुर्मू ने कहा कि ये त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और अपने साथ उत्साह और खुशी लेकर आते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत के विभिन्न क्षेत्रों में विविध रूपों में मनाए जाने वाले ये त्योहार प्रकृति के साथ हमारे सामंजस्यपूर्ण संबंधों को दर्शाते हैं।


**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर - 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग), 492002
website- www.markfed.cg.nic.in
Email.id : mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्र/विपणन / स.धान/4669/2025 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 10.01.2025

**खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से सरप्लस धान के निराकरण हेतु धान का ई-नीलामी प्लेटफार्म सर्विस प्रोवाइडर के चयन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना**

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान में से सरप्लस धान के निराकरण हेतु बचत धान का ई-नीलामी प्लेटफार्म सर्विस प्रोवाईडर के चयन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में जाकर फर्म का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निविदा दिनांक से पूर्व इच्छुक निविदाकारों को करना आवश्यक है। निविदा दिनांक 13.01.2025 समय दोपहर 12.00 बजे से 20.01.2025 दोपहर 12.00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। निविदा प्रारूप विपणन संघ के वेबसाईट www.markfed.cg.nic.in पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाइन के रूप में उपलब्ध है। ई - निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए m junction में संपर्क किया जा सकता है। email- Helpdesk.cgeproc@Mjunction.in फोन नंबर 1800419 9140

:: प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित::
S-42753/1 अपर प्रबंध संचालक



**अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्दिष्ट अधिकारी पलारी, जिला - बालोद छ.ग.**

क्र./07 / वार्ड परिसीमन / सू. प्रका./ न.पं./2025 पलारी, दिनांक 10/01/2025

प्रपत्र
(नियम 7 देखिए )
नगर पंचायत पलारी क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पलारी क्षेत्र को 15 (पंद्रह) वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। जो कि तहसील एवं नगर पंचायत पलारी कार्यालय में, कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है ।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से 07 (सात) दिवस के भीतर लिखित रुप से (अधोहस्ताक्षरकर्ता) को प्रस्तुत किये जा सकेंगें।

स्थान :- पलारी
दिनांक :- 10/01/2025

अनुविभागीय अधिकारी
गुरुर, जिला - बालोद छ.ग.


## पेज एक के शेष

### छग में सीमेंट और...

में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। सरकार की पहल राज्य को उभरते उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनाना है। वर्तमान समय की जरूरतों को देखते हुए नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में भी विचार साझा किए गए।

### छत्तीसगढ़ के प्रभतेज...

था जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। शाह के एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद सैकिया सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारियां निभा रहे थे। वह संयुक्त सचिव थे और अब यह पद रिक्त हो गया है। चुनाव अधिकारी एके जोती ने परिणाम घोषित करते हुए कहा, पदाधिकारियों के दो पद सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ और इसलिए मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। शाह को बीसीसीआई ने शनिवार को सम्मानित किया था। उनका एसजीएम में भी स्वागत किया गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एसजीएम के बाद पत्रकारों से कहा कि चुनाव के अलावा बैठक में कुछ भी पेश नहीं किया गया। एसजीएम के बाद शुक्ला महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) समिति की बैठक का भी हिस्सा थे। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा, डब्ल्यूपीएल स्थलों को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्हें जल्द ही घोषित किया जाएगा। शुक्ला ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन बैठक 18 या 19 जनवरी को होगी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चयनकर्ताओं ने शनिवार को भारतीय टीम की घोषणा की थी। टी20 के बाद खेली जाने वाली तीन मैचों की तीन वनडे श्रृंखला और 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा नहीं की गई है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा जबकि अन्य टीमों के मैच मेजबान देश पाकिस्तान में खेले जाएंगे।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# इसरो के दो सैटेलाइट करेंगे 'हैंडशेक' एक-दूसरे से महज 15 मीटर दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इसरो का स्पेसडेक्स मिशन एक नई उपलब्धि के बेहद करीब है। मिशन तहत रविवार (12 जनवरी) की सुबह दो सैटेलाइट्स ने स्पेस डॉकिंग का ट्रायल किया। इसरो ने जानकारी दी कि मिशन के दो सैटेलाइट, एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 पहले 15 मीटर पर पहुंचे, इसके बाद 3 मीटर करीब पहुंचकर दूर हुआ। इसरो ने कहा कि दोनो सैटेलाइट की स्पेस डॉकिंग डेटा की एनालिसिस के बाद किया जाएगा। हालांकि, स्पेस डॉकिंग कब होगा, इसकी तारीख अभी नहीं बताई गई है।

### भारत बना चौथा देश, आगे की प्रक्रियाओं में जुटा इसरो

इसरो ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा मिशन का मकसद स्पेस डॉकिंग टेक्निक करना है। अगर यह सफल होता है, तो भारत इस टेक्नोलॉजी को हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। फिलहाल स्पेस डॉकिं के सफल ट्रायल के बाद दोनों सैटेलाइट्स स्पेस में सुरक्षित जगहों पर ले जाए गए हैं। अब आगे के प्रोसेस के लिए इसरो ग्राउंड स्टेशन से कोऑर्डिनेट करेगा। इन ग्राउंड स्टेशन से मिले सिग्नल के आधार पर स्पेस डॉकिंग कराई जाएगी।


**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

संदर्भ: प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्जा सूचना

जबकि होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम नं. 54) के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे दी संबंधित तारीखों को जारी मांग सूचना के अनुसरण में अधोल्लिखित आप/कर्जदारों को संबंधित सूचनाओं की प्राप्ति से 60 दिनों के अंदर बकाया देयों का भुगतान करने के लिए कहा। आप/सभी कर्जदार, हालांकि, निर्धारित समय अवधि में उक्त बकाया देयों को भुगतान करने में असफल रहे, इसलिए, **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा(4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार रखते हुए और प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित प्रत्याभूत परिसंपत्तियों का **कब्जा** ले लिया है:

| क्र. सं. | कर्जदारों/ सह-कर्जदारों/ जमानतियों के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तारीख | मांग सूचना की तारीख को कुल बकाया राशि (रु. में) | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास कुमार बंसोद शारदा बंसोद | फ्लैट नंबर 301, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-एफ, अविनाश आशियाना-पीएच1, प्लॉट ख. नं. 4/2(4/3,6/1), 4/5(4/11,6/3), 4/6(4/7 एवं 6/4), पी.एच. नं. 107/37, कोटा, कबीर नगर, रिंग रोड नं. 2, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 | 03-01-2024 | 10,49,489 | 07-01-2025 |

कर्जदार द्वारा बकाया राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार/जमानती और सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे उल्लिखित संपत्ति का उपरोक्त तारीख को कब्जा ले लिया है।


विशेष रूप से **कर्जदारों/जमानतियों** और **सामान्य रूप में सर्व साधारण** को संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों या इसके किसी भाग से कोई लेनदेन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों का कोई भी लेनदेन संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के लिए यहाँ ऊपर उल्लिखित राशि जो पूर्ण भुगतान तक आगे की ब्याज सहित भुगतेय है, के लिए होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

**प्रत्याभूत परिसंपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समयावधि में अधिनियम की धारा-13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों में कर्जदार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।**

स्थान: रायपुर
दिनांक: 13.01.2025

प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## शब्द पहेली - 5746



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5745 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | ■ | ल | ■ | वा | य | लि | न |
| ■ | ल | ■ | रा | ■ | प | व | न | ■ | ख | फा |
| ए | ■ | ■ | ध | व | ल | ■ | र | ■ | ■ | स |
| ह | र | द | म | ■ | पा | ल | ■ | फ | क | त |
| सा | ■ | म | ■ | दा | ना | ■ | सा | ■ | मा | ■ |
| न | वी | न | त | म | ■ | अ | ज | वा | ई | न |
| ■ | र | ■ | वा | ■ | स | दा | ■ | रि | ■ | वी |
| प | ता | का | ■ | ह | क | ■ | अ | स | मा | न |
| र | ■ | ■ | जी | ■ | प | र | दा | ■ | ■ | ता |
| वा | त | ■ | न | ल | का | ■ | व | ■ | द | ■ |
| ज | रु | र | त | ■ | ना | ■ | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल- 5757

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5756 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

**माता सीता की जन्मभूमि में मनाया भव्य उत्सव**

# राम मंदिर की वर्षगांठ पर, सवा लाख दीपों से जगमगाया जनकपुर

**नेपाल के ऐतिहासिक शहर और माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर में भी भव्य उत्सव मनाया गया। यहां 1.25 लाख दीप जलाए गए। यह कार्यक्रम बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया**

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

यूपी के अयोध्या के राम मंदिर में शनिवार को भगवान राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में नेपाल के ऐतिहासिक शहर और माता सीता की जन्मभूमि जनकपुर में भी भव्य उत्सव मनाया गया। यहां 1.25 लाख दीप जलाए गए।

यह कार्यक्रम बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें झांकियां, हवन, गंगा आरती और जानकी मंदिर परिसर में रंगोली बनाई गई। परिषद की युवा शाखा जानकी सेना ने समारोह की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

**झांकियां, हवन, गंगा आरती और जानकी मंदिर परिसर में रंगोली बनाई**

**बिश्वो हिंदू परिषद नेपाल के धनुषा चैप्टर ने किया आयोजन**



### दामाद की घर वापसी पर जनकपुर उत्साहित

जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास ने कहा कि हमारे दामाद की घर वापसी की पहली वर्षगांठ पर, जनकपुर के सभी निवासी, मिथिला, नेपाल के निवासी बहुत उत्साहित हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि यह दिन सभी जगह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए।

### पिछले साल भी जलाए थे 1.25 लाख दीप

*जानकी सेना के प्रवक्ता आशुतोष झा ने बताया कि पिछले साल भी हमने 1.25 लाख दीप जलाए थे। इस साल भी प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर हमने 1.25 लाख दीप जलाए हैं। उन्होंने बताया कि गंगा आरती करने वाली टीम ने जानकी जी की आरती की और मंदिर परिसर में रंगोली भी बनाई गई।*

**महाकुंभ में बनाई जा रही भव्य झांकी**

## 85 फीट ऊंचा तेजस बनेगा आकर्षण का केंद्र

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ के सेक्टर पांच में यज्ञशाला के गेट पर बन रहा भारतीय वायु सेना की शान तेजस विमान का मॉडल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसकी ऊंचाई 85 फीट और चौड़ाई 50 फीट होगी। मोर पंखी मोर ध्वज बड़ा भक्तवान शिविर की ओर से बनाए जा रहे मॉडल के नीचे से श्रद्धालु कथा पंडाल में पहुंचेंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारा भी लगेगा। व्यवस्थापक पप्पू केसरवानी बताते हैं कि उनके गुरु जी के मन में आया कि देश की शान तेजस का मॉडल बनवाएं। ताकि, देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु हमारी वायुसेना की ताकत से परिचित हो सकें।

तेजस के मॉडल को हूबहू दिखाने के लिए इसमें लाइटें भी लगाई जाएंगी। इसे बनाने में लगभग 12 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके निर्माण में तीन हजार बांसों का इस्तेमाल होगा। बंगाल से आए 15 मजदूर पांच दिसंबर से लगातार मॉडल के निर्माण में लगे हैं। इसका निर्माण 12 जनवरी तक पूर्ण होने की उम्मीद है।



## मोदी आज करेंगे सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करेंगे। सुरंग के उद्घाटन का समय सुबह 11:45 बजे रखा गया है। प्रधानमंत्री वहां एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे और सुरंग के निर्माण में शामिल श्रमिकों से भी मुलाकात करेंगे। 2,700 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सुरंग के जरिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सालभर आवाजाही हो सकेगी। जहां सुरंग बनाई गई है, वहां की सड़क अंग्रेजी के अक्षर Z की तरह है, इसलिए इसे जेड मोड़ सुरंग भी कहा जाता है। बर्फ से ढंकी सोनमर्ग की पहाड़ियों के बीच समुद्र तल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर बनी ये सुरंग 6.5 किलोमीटर लंबी है। यह गगनगीर से सोनमर्ग तक जाती है। इस सुरंग से सोनमर्ग तक साल भर पर्यटकों की पहुंच हो सकेगी। अभी बर्फबारी के चलते करीब 4 महीने यहां का रास्ता बंद रहता है।

## 'तिरुवभरणम' शोभायात्रा सबरीमला के लिए रवाना

**पथनमथिट्टा (केरल)।** भगवान अयप्पा के पवित्र आभूषण 'तिरुवभरणम' को लेकर वार्षिक औपचारिक शोभायात्रा रविवार को यहां पंडलम स्थित मंदिर से सबरीमला के लिए रवाना हुई।

ये आभूषण भगवान अयप्पा को 'मकरविलक्कु' त्योहार के दिन पहनाए जाएंगे, जो 14 जनवरी को मनाया जाएगा। मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक अनुष्ठानों और पूजा के बाद आभूषणों को लकड़ी के बक्सों में रखा गया और फिर लोगों के एक समूह द्वारा सबरीमाला ले जाया गया।

**गृहमंत्री शाह ने शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

## पवार-उद्धव की वंशवादी सियासत और विश्वासघात को जनता ने खारिज किया, दिखाई सही जगह

एजेंसी ▶▶ शिरडी



**'महाविजयी प्रदेश अधिवेशन' शुरू**

सियासत की चौसर पर भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोला। सियासत की चौसर पर भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के शिरडी में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने वरिष्ठ राजनेता शरद पवार और पूर्व सीएम सह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को भी आड़े हाथों लिया। शाह ने कहा कि असली एनसीपी और शिवसेना ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने पवार और उद्धव की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया। शिरडी में भाजपा सम्मेलन में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुखातिब गृह मंत्री अमित शाह ने कह कि महाराष्ट्र ने वंशवाद की राजनीति और शरद पवार और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को खारिज कर दिया है। शिरडी में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भाजपा के पक्ष में आए अभूतपूर्व जनादेश का जिक्र किया।

**फ्लैट बेचना है किराये से देना है**

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक **कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.**(RO-2482)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 **पता** TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल:** - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** 1) कम्प्युटर आपरेटर (टैली) - मेल/फिमेल (अनुभव एक साल), (2) काउंटर सेल्समेन/वूमेन (बीकाम), (3) दुकान में कार्य करने हेतू लड़के चाहिए, **संपर्क करें :- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर,** 8109019041.(RO-7433)

हरिभूमि

**होम केयर वर्क**

**आवश्यकता है-** आनंद होम केयर में काम करने हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है मरीजों, बुजुर्गों एवं बेबी केयर के लिए ट्रेनिंग फ्री रहना- खाना फ्री वेतन- 12000/- से 15000/- **मों- 9302224133, 9752391977.** (RO-2487)

**हेल्थ केयर स्टाफ**

**आवश्यकता है-** NUGA BEST शिव हेल्थ केयर सेंटर स्टाफ के लिए मैडम की आवश्यकता है सैलरी- योग्यतानुसार योग्यता 10वीं और 12वीं पास **पता:- इंडियन बैंक के ऊपर डगनिया मोड, सुंदर नगर, रायपुर मों- 7566181849.** (RO-2491)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** रायपुर में थ्री व्हीलर (अपे) माल वाहक ऑटो चलाने के लिए ड्राइवर की। अनुभवी को प्राथमिकता। वैध लाइसेंस,बायोडाटा के साथ **संपर्क करे :- 9300905560.**(RO-691)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल भिलाई दुर्ग घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। **9827466771** (आरो न.-657)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की एवं टाटा ऐस चलाने ड्राइवर की **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास 98271-14645, 9131139179.** (RO-3219)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** टेड़ेसरा, रायपुर एवं महासमुंद पेट्रोल पंप में काम करने के लिए हेल्पर एवं मिनी टैंकर चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करे 9074854530.**(आरो न.-1884)

**ऑपरेटर/फील्ड कार्य**

**आवश्यकता है-** टैली कार्य हेतु महिला कंप्यूटर ऑपरेटर एक, फील्ड वर्क के लिए युवक एक, ऑफिस बॉय युवक एक। वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क, मेसर्स कन्हैया लाल शर्मा, सिरसा गेट चौक भिलाई 3 , मो. न.7000597642.** (आरो न.-658)

**सेल्स/मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** ज्वेलरी शॉप में कार्य हेतु स्मार्ट सेल्स गर्ल /ब्वाय, मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है, वेतन 10000/- से15000/- प्लस कमीशन , **संपर्क- जवाहर चौक दुर्ग** Mo - **7089508250 मिलने का समय सुबह 10 से 12** (आरो न.-1879)

**अकाउटेंट/सेल्समैन**

**आवश्यकता है-** थोक कपडे में केवल पुरूष कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु व फुल टाइम अकाउन्टेंट, अनुभवी सेल्समैन एंव साडी, हैंडलूम और सुटिंग शर्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता हैं **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9977252503.** (RO-7251)

**पैकिंग/डिलिवरी कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑनलाइन फल एवं सब्जी की पैकेजिंग एवं डिलीवरी के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता **संपर्क:-** R.J.**फ्रेश मार्ट महाराज चौक बोरसी रोड दुर्ग** MO.9644499864.(आरो न.-1882)

**हाउसकीपिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** हाउसकीपिंग (साफ सफाई) करने के लिए महिलाओं, पुरुषों की। पोस्ट संख्या 10, स्थान नया रायपुर। सेक्टर 36 पढ़ाई- 10वीं, पास, फेल। वेतनमान 11456, इन हैंड पीएफ, मेडिकल, अलग से। कार्य समय 8 घंटे, 26 दिन। सप्ताह में एक अवकाश, कंपनी क्रिस्टल इंटरगेटेड सर्विसेस लिमिटेड। **संपर्क करें, 7987968699, 8617771485. नोट: नि:शुल्क पूर्ण रूप से।**(RO-2483)

**चिकत्साकर्मी**

**आवश्यकता है-** क्लिनिक स्टाफ़ हेतु (फ्रेशर/ अनुभवी) लड़कियों/ महिलाओं की आवश्यकता है। गर्ल्ज़ हॉस्टल सुविधा। वेतन 32000 तक योग्यतानुसार। **पता: कटोरा तालाब, रायपुर, छत्तीसगढ़ 9406044374.** (RO-7432)

**मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** हॉस्पिटल के लिए मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (PRO) की आवश्यकता है **संपर्क करे:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009.** (RO-3217)

**आवश्यकता है-** MJ MARKETING में कार्य करने हेतु स्टाफ की । विस्तृत जानकारी के लिए विजिट करे इंस्टाग्राम आईडी - @MJ_MARKETING24 Mo no - **7880099628.**(RO-3215)

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं, आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर** ।(RO-422)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**टेलीकॉलर/फील्ड**

**आवश्यकता है-** एक प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है टीम लीडर (फीमेल) एंड टेलिकॉलर पद 15 (भिलाई) सैलरी :7000-15000 और फील्ड टीम लीडर (मेल) पद 3 बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और छत्तीसगढ़ लोकेशन के लिए सैलरी :15000-20000 contact : **9584316317, 9589049626 हेड ऑफिस :- ई-जेनेसिस, दक्षिण गंगोत्री सुपेला, भिलाई** (आरो.-SP/901)

**गोदाम/ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** जड़ी बुटी गोदाम में मुंशी एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें: - 7509772278.** (RO-7365)

**शोरूम वर्क**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रिक -बाइक शो रूम में काम करने हेतु लड़की/ महिला एवं लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार समय सुबह 10:00 से 8:00 बजे तक **पता:- शिक्षा इलेक्ट्रिक वेटीकल, भनपुरी चौक ग्रामीण बैंक के बगल, रायपुर मों नंबर- 8319800009.** (RO-M)

**हेल्पर**

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423 (RO-36705)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**अन्य**

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर नौकरी भारतीय वनविभाग में कम्पनी द्वारा सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां के लिए, पद - वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी - 25000/- से 35000/- आवेदन / **संपर्क करें - 9434227378.** (RO-634)

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है **संपर्क करें:- 8240426971.** (RO-3216)

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 35,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC-2150/-+91 8602999284. (RO-1336)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 7044713881, 7044684039.** (RO-745)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:-** 8918984004.(RO-3026)

हरिभूमि

**Education शिक्षण**

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो.-7155)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070.** (RO-3223)

**वाहन**

**वाहन-** एक 30 सीटर मिनी बस रनिंग चल रहा है फिटनेस 2030 तक परमिट इंश्योरेंस टैक्स सहित सभी ओके है 1100 प्रति दिन किराया 33000 मासिक किराया पर चल रहा है बेचना है कीमत 11 लाख है **संपर्क करें- 9691722982.** (RO-2490)




**बेचना/किराया**

**बेचना है**
VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

**किराये से देना है**
शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।
VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता
संपर्क करें-
8120008290
Dev Ad.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD** 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# 'गली बॉय' के सीक्वल की तैयारी शुरू, नजर आएगी नई जोड़ी...

**मुंबई।** गली बॉय का सीक्वल आ सकता है, जिसमें इस बार आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की जोड़ी नजर नहीं आएगी, बल्कि इस बार एक अनदेखी नई जोड़ी के साथ गली बॉय का सीक्वल आएगा। गली बॉय के सीक्वल का निर्देशन अर्जुन वरेन सिंह कर सकते हैं। गली बॉय के सीक्वल के बनने की लगातार जानकारी सामने आ रही है। वहीं फिल्म को लेकर आई नई जानकारी के अनुसार, इस फिल्म में आलिया और रणवीर सिंह नजर नहीं आएंगे, बल्कि इस बार फिल्म में नई जोड़ी दिखाई जाएगी, जिसे अभी तक किसी फिल्म में नहीं देखा गया है। अर्जुन वरेन सिंह, जिन्होंने एक्सेल और टाइगर बेबी के लिए 'खो गए हम कहां' का निर्देशन किया है, गली बॉय सीक्वल का निर्देशन करने वाले हैं।

लाइफ Style



# अदा

## महाकुंभ में शिव तांडव की देंगी प्रस्तुति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'द केरल स्टोरी' की अभिनेत्री अदा शर्मा 'महाकुंभ मेला 2025' में 'शिव तांडव स्तोत्रम' का लाइव प्रदर्शन करेंगी। महाकुंभ मेला 13 जनवरी, सोमवार को शुरू होगा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन समाप्त होगा।

इस बार महाकुंभ में बॉलीवुड के सितारे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और भक्तों के लिए आध्यात्मिक माहौल को बनाएंगे। इस कार्यक्रम में एक म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी होगा। महाकुंभ में शामिल होने वाले कलाकारों की लिस्ट काफी लंबी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महाकुंभ मेले में लाखों लोगों के सामने अभिनेत्री अदा शर्मा शिवतांडव स्तोत्र की लाइव प्रस्तुति देंगी। यह पहली बार होगा जब अभिनेत्री महाकुंभ मेले में आएंगी। कुछ दिन पहले अदा ने अपने फैंस के साथ अपने सिंगिंग टैलेंट को शो किया था। नेटिजन्स यह देखकर हैरान रह गए कि उन्हें पूरा शिवतांडव स्तोत्र याद है।'महाकुंभ मेला 2025' में बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार म्यूजिकल परफॉर्मेंस देंगे। इस लिस्ट में शंकर महादेवन, मोहित चौहान, कैलाश खेर, शान मुखर्जी, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति, कविता सेठ, ऋषभ रिखीराम, शोवना नारायण, डॉ. एल सुब्रमण्यम, बिक्रम घोष, मालिनी अवस्थी और कई अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे। अदा शर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2008 में हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, लेकिन साल 2023 की फिल्म 'द केरल स्टोरी' ने उन्हें काफी मशहूर कर दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# डर के साए में रह रहीं प्रीति

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्ट्रेस प्रीति जिंटा शादी के बाद से फिल्मों से दूर हैं। साल 2016 में जीन गुडइनफ से शादी करने के बाद वह भारत और लॉस एंजिल्स के बीच सफर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक्स पर अपने फैंस को आश्वस्त किया है कि वह शहर में लगी भीषण जंगल की आग से सुरक्षित हैं। इस संकट से भरे समय में प्रीति ने सोशल मीडिया पर अपनी और वहां रहने वाले अन्य की कठिन स्थिति को साझा किया। अग्निशमन विभाग, अग्निशमन कर्मियों और जान-माल को बचाने में मदद करने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद।




# व्लादिमीर पुतिन की भूमिका में नजर आएंगे जूड लॉ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेड लॉ ने स्वीकार किया है कि उन्हें 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाने में डर लग रहा है। फिल्म में जूड के अलावा पॉल डानो, एलिसिया विकेंडर और जैक गैलिफियानाकिस भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। कथित तौर पर जूड लॉ अपनी आगामी फिल्म में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 52 वर्षीय अभिनेता ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा, ''वह फ्रांसीसी फिल्म निर्माता ओलिवियर असायस द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में पुतिन की भूमिका निभाएंगे। फिल्म पुतिन के सत्ता में शुरुआती सालों को दिखाया जाएगा।'' जूड लॉ ने यह भी कहा कि उनके लिए यह भूमिका निभाना काफी भारी है।



# बिग बी का बंगला देख चौंक गई थीं...

**नई दिल्ली।** मनीषा कोइराला ने हिंदी सिनेमा में अच्छा नाम कमाया है। मूल रूप से नेपाल की रहने वाली मनीषा ने फिल्म 'सौदागर' से बॉलीवुड डेब्यू किया। अभिनेत्री का कहना है कि वे अमिताभ बच्चन की शुरू से फैन रही हैं। उनकी बुआ और परिवार के अन्य सदस्य भी बिग बी की अदाकारी के कायल हैं। मनीषा कोइराला ने हाल ही में वर्षों बाद वह अनुभव साझा किया है, जब उन्हें पहली बार अमिताभ बच्चन के घर जाने का अवसर मिला। मनीषा का कहना है कि वे बिग बी का बंगला देखकर चौंक गई थीं। उनकी आंखें फटी रह गईं और वे हैरानी के साथ घर का एक-एक कोना निहार रही थीं। अभिनेत्री का कहना है कि उनकी हालत ऐसी थी, जैसे कोई गांव से आकर इस तरह का नजारा देख हैरान हो। घर की भव्यता और आकार देखकर उनके होश उड़ गए।



# बेसिल जोसेफ की फिल्म में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह इन दिनों धुरंधर की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में फिल्म के सेट से रणवीर सिंह की सरदार लुक में कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं। जानकारी के अनुसार, वहीं अब रणवीर निर्देशक बेसिल जोसेफ की आगामी फिल्म के लिए अपनी कमर कस रहे हैं। हाल ही में बेबी जॉन में नजर आईं वामिका गब्बी अब रणवीर के साथ बेसिल जोसेफ की फिल्म का हिस्सा बनने वाली हैं। यह फिल्म शक्तिमान का बॉलीवुड रूपांतरण हो सकता है। वामिका, बेसिल जोसेफ की सुपरहीरो फिल्म में मुख्य महिला भूमिका निभाने के लिए सबसे आगे हैं। इस फिल्म को लेकर पिछले पांच सालों से काम चल रहा है। हाल ही में वामिका ने अदिवी शेष और इमरान हाशमी के साथ जी-2 में शामिल होने की बात को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के लिए शेयर किया था।

## टीवी मसाला



# 19 को होगा बिग बॉस का ग्रैंड फिनाले, 50 लाख है इनामी राशि

**नई दिल्ली।** टीवी का लोकप्रिय शो बिग बॉस 18 अपने ग्रैंड फिनाले की ओर बढ़ रहा है। इस सीजन ने दर्शकों को शुरुआत से लेकर अब तक अपने रोमांच, ड्रामा और इमोशनल मोमेंट्स से बांधे रखा। अब शो के फिनाले की घड़ी नजदीक आ चुकी है। कई चर्चित चेहरे इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने वाले हैं। बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी को रात नौ बजे शुरू होगा और यह लगभग तीन घंटे तक चलेगा। यह कार्यक्रम कलर्स टीवी पर लाइव प्रसारित होगा। इसे जियो सिनेमा पर भी स्ट्रीम किया जा सकेगा। पूरे देश के दर्शक इस ग्रैंड फिनाले के दौरान विजेता को बिग बॉस ट्रॉफी जीतते हुए देख सकेंगे। फिनाले की ओर बढ़ते हुए इस शो लेकर दर्शक इस बात से उत्सुक हैं कि कौन कंटेस्टेंट 50 लाख रुपये का इनाम और बिग बॉस ट्रॉफी अपने नाम करेगा। कंटेस्टेंट्स की लोकप्रियता और उनके खेल के आधार पर वोटिंग हो रही है। जैसे-जैसा फिनाले नजदीक आ रहा है, प्रतियोगिता और भी रोमांचक होती जा रही है।

## राम के किरदार की वजह से हुए लोकप्रिय

**नई दिल्ली।** अरुण गोविल भारतीय टेलीविजन के सबसे प्रिय और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। रामायण में भगवान राम की भूमिका की वजह से उन्हें काफी ज्यादा लोकप्रियता हासिल हुई।



जब 1987 में रामानंद सागर का टीवी शो रामायण का प्रसारित हुआ तो छोटे पर्दे पर भगवान राम के रूप में अरुण गोविल ने एक ऐसी पहचान बनाई जो आज भी दर्शकों के दिलों में जीवित है। इस किरदार में उनकी लोकप्रियता का राज उनकी मुस्कान थी। वह मुस्कान जिसने लाखों दिलों को छुआ और उन्हें भगवान राम के रूप में और भी खास बना दिया। रामायण के इस किरदार ने अरुण गोविल को न केवल एक अभिनेता के रूप में, बल्कि भारतीय संस्कृति के आदर्श भगवान राम के प्रतीक के रूप में भी प्रतिष्ठित कर दिया। अरुण गोविल ने राजश्री अनप्लग्ड को दिए एक साक्षात्कार में इस मुस्कान के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि जब उन्हें रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने का मौका मिला तो गेअटप के बाद भी मैं भगवान राम नहीं लग रहा था, तब राजकुमार बड़जात्या से मिली सलाह भगवान राम के किरदार निभाने में काफी अहम साबित हुई।



# अनुपम खेर ने सतीश कौशिक को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक की दोस्ती के बारे में सभी जानते हैं। हाल ही में अनुपम खेर ने सतीश कौशिक के किरदार की सराहना करते हुए उन्हें याद किया। अभिनेता ने भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम की भूमिका के लिए सतीश कौशिक को याद किया। दरअसल, सतीश कौशिक ने कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' में सतीश ने यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अभिनेता अनुपम खेर ने सतीश कौशिक की एक वीडियो शेयर की, जिसमें वह खुद को भाग्यशाली बता रहे हैं कि उन्हें जगजीवन राम का किरदार निभाने का मौका मिला। उन्होंने कंगना रनौत के निर्देशन कौशल की भी प्रशंसा की और उन्हें अभिनेताओं की निर्देशक कहा। वीडियो में अभिनेता सतीश कौशिक को जगजीवन राम के किरदार के लिए तैयार होते हुए भी दिखाया गया है। वीडियो में दिवंगत अभिनेता ने कहा, 'कभी-कभी एक अभिनेता के रूप में जब आपको किसी प्रसिद्ध व्यक्तित्व की भूमिका निभाने का अवसर दिया जाता है, तो दुविधा होती है कि भूमिका को कैसे निभाया जाए। क्या मुझे इसमें खुद को कुछ डालना चाहिए या दर्शकों ने उनके बारे में जो देखा या पढ़ा है, उसके अनुसार अभिनय करना चाहिए। मैं 'इमरजेंसी' में जगजीवन राम की भूमिका निभाने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं।'

# इन फिल्मों में मिलता है कुंभ का जिक्र...

**मुंबई।** प्रयागराज में करीब 45 दिनों के लिए महाकुंभ का आयोजन आज 13 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। आस्था का प्रतीक ये मेला फिल्मी जगत में भी काफी फेमस रहा है। जिसकी वजह से कई मूवीज में इस मेले का जिक्र मिलता है। इन फिल्मों में प्रमुख हैं- तकदीर (1943), अधिकार (1954), मेला (1971), धर्मात्मा (1975), दो अनजाने (1976), अमर अकबर एंथनी (1977), अंदाज अपना-अपना (1994), सोल्जर (1998), लक्ष्मी बॉम्ब (2020)।



***कुंभ से जुडे. फिल्मी डायलॉग्स :*** कुंभ मेले का नाम सुनते ही जहन में फिल्मी कहानियां आती हैं कि जिसमें दो भाइयों के बिछड़ने के बारे में बताया जाता है। ऐसे में हम आपको कुंभ के मेले से जुड़े कुछ चुनिंदा फिल्मी डायलॉग्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इस प्रकार हैं-

***अमर अकबर एंथनी (1977) :*** यह फिल्म कुंभ मेले की पृष्ठभूमि में शुरू होती है, जहां तीन भाई एक-दूसरे से बिछड़ जाते हैं।

*डायलॉग- "कुंभ के मेले में बिछड़े तीन भाई... अब मिलेंगे या नहीं?"*

***धर्मात्मा (1975) :*** फिल्म में कुंभ मेले का सीन देखने को मिलता है, जहां परिवार एक दूसरे से बिछड़ जाता है।

*डायलॉग-'यह मेला तो बस नाम है, यहां हर कोई अपनी किस्मत का सौदा करने आया है।'*

***सोल्जर (1998) :*** एक्टर बॉबी देओल और जॉनी लिवर के बीच कुंभ के मेले को लेकर संवाद दिखाया गया है।

*डायलॉग- ''कुंभ के मेले में मेरा भाई सोहन बिछड़ गया था।'*

***तुझे मेरी कसम (2003) :*** इस फिल्म में कुंभ मेला का उल्लेख हल्के-फुल्के अंदाज में होता है।

*डायलॉग- 'कहीं कुंभ के मेले में तो नहीं बिछड़ गए थे? ऐसे अजनबी से क्यों लगते हो?'*

***लक्ष्मी बॉम्ब (2020)***

*डायलॉग- 'कुंभ के मेले में जो खो गया, उसे फिर से ढूंढ पाना मुश्किल है। लेकिन यादें, वो हमेशा साथ रहती हैं।'*इस तरह से कई फिल्मों में कुंभ के मेले के बार में डायलॉग्स और मजेदार सीन्स देखने को मिलते हैं।

### ये सेलेब्स बढ़ाएंगे कुंभ की शोभा

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में नागा साधियों और श्रद्धालुओं के अलावा फिल्मी सितारे भी नजर आएंगे। जिनके नाम इस प्रकार हैं- अमिताभ बच्चन, राजपाल यादव, अक्षय कुमार, सोनू निगम, शंकर महादेवन, कैलाश खेर, मैथली ठाकुर, हंसराज रघुवंशी।

## बेहतरीन अभिनय और जबर्दस्त कहानी की वजह से ये फिल्में रहीं कामयाब

# 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकीं केवल इन सात निर्देशकों की फिल्में

*मुंबई। भारतीय सिनेमा की कई फिल्मों ने हाल के वर्षों में रिकॉर्डतोड़ कमाई की है। ये फिल्में शानदार निर्देशन, बेहतरीन अभिनय और जबर्दस्त कहानी की वजह से सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में कामयाब रहीं। इन फिल्मों की सफलता के पीछे अभिनेता के साथ निर्देशकों का भी बड़ा हाथ रहा। आइए जानते हैं 1000 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली फिल्मों और उनके निर्देशकों के बारे में।*



### दंगल- नितेश तिवारी

नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी दंगल भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह फिल्म महावीर सिंह फोगट और उनकी बेटियों की प्रेरणादायक सच्ची कहानी पर आधारित थी। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपार सफलता प्राप्त की। फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 2070.3 करोड़ रुपए का कारोबार किया।



### पुष्पा 2: द रूल- सुकुमार

पुष्पा 2: द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया है। फिल्म ने भारत के साथ विदेश में भी अच्छा कारोबार किया है। अल्लू अर्जुन की भूमिका वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ सफलता हासिल करने में सफल रही है। इस फिल्म ने 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा सबसे कम समय में पार करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। फिल्म का शानदार एक्शन और इमोशन हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आ रहा है। इस फिल्म ने अब तक 1831 करोड़ का वैश्विक कलेक्शन किया है।



### बाहुबली 2: द कन्क्लूजन- राजामौली

एस एस राजामौली का नाम भारतीय सिनेमा में सबसे बड़े निर्देशकों में लिया जाता है। बाहुबली 2 उनके निर्देशन का शानदार उदाहरण है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसके भव्य सेट, शानदार विजुअल्स और एक्शन सीक्वेंस ने दर्शकों के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। फिल्म ने न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में जबर्दस्त कमाई कर कामयाबी के झंडे गाड़े। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1814 करोड़ रुपए बटोरे।

### केजीएफ चैप्टर 2- प्रशांत नील

प्रशांत नील के निर्देशन में बनी केजीएफ चैप्टर 2 में यश की शानदार एक्टिंग और फिल्म की कहानी ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खूब खींचा। फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक्शन ड्रामा की नई परिभाषा दी। इस फिल्म को वैश्विक स्तर पर भी काफी सराहा गया। फिल्म ने विश्वभर में कुल 1208 करोड़ रुपए का कारोबार किया।



### कल्कि 2898 एडी- नाग अश्विन

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म कल्कि 2898 एडी अपनी कहानी और विजुअल्स की वजह से दर्शकों के दिलों को छूने में सफल रही थी। 1000 करोड़ी क्लब में यह फिल्म भी शामिल है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1060 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।

### पठान- सिद्धार्थ आनंद

सिद्धार्थ आनंद की पठान से शाहरुख खान ने जबर्दस्त वापसी की थी। रिलीज होने के बाद इस फिल्म ने जमकर धमाल मचाया था। इसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। फिल्म में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी थे। इस फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1055 करोड़ रुपए का कारोबार किया था।

### जवान- एटली

एटली के निर्देशन में बनी जवान में शाहरुख खान के अलावा नयनतारा, विजय सेतुपति और दीपिका पादुकोण जैसे सितारे थे। फिल्म की कहानी से लेकर इसका एक्शन तक लोगों के दिलों-दिमाग पर छा गया था। इस फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1160 करोड़ रुपए की कमाई की है।

**खबर संक्षेप**

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी का हेटेरो ग्रुप से अधिग्रहण हुआ पूरा



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी ने हेटेरो ग्रुप से 125 मेगावाट क्षमता की नवीकरणीरय ऊर्जा परिसंपत्तियों का अधिग्रहण लगभग 630 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। 125 मेगावाट के पोर्टफोलियो में आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में स्थित पवन ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

## सीईएससी का लाभ 6.3% घटकर 282 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** बिजली उत्पादन और वितरण कंपनी सीईएससी लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 6.3 प्रतिशत घटकर 282 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में 301 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। इस तिमाही में कुल खर्च 3,497 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,595 करोड़ रुपये हो गया।

## अदाणी विल्मर में हिस्सेदार बेच जुटाए 4850 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने फॉर्च्यून ब्रांड के तहत संचालित होने वाली कंपनी अदाणी विल्मर में अपनी 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 4,850 करोड़ रुपये जुटाए। अदाणी समूह ने कंपनी में 17.54 करोड़ शेयर (13.50 प्रतिशत इक्विटी) 10 जनवरी को गैर-खुदरा निवेशकों को और 13 जनवरी को खुदरा निवेशकों को 275 रुपये प्रति शेयर के आधार मूल्य पर बेचने की घोषणा की थी।

# मुकदमेबाजी कम करने आ सकती है सीमा शुल्क माफी योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुकदमेबाजी को कम करने के प्रयासों के तहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी आम बजट में कारोबारी सुगमता के उद्देश्य से सीमा शुल्क के लिए माफी योजना की घोषणा कर सकती हैं।

- सरकार का उद्देश्य मुकदमेबाजी को कम करना है

प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के प्रबंध निदेशक अनुराग सहगल ने कहा, "उद्योग की मुख्य मांगें निश्चित रूप से सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप होंगी और सरकार का एक उद्देश्य मुकदमेबाजी में कमी लाना है। इस मोर्चे पर, सीमा शुल्क के लिए माफी योजना, विशेष रूप से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से पहले के विरासती करों जैसे अतिरिक्त शुल्क, विशेष अतिरिक्त शुल्क को कवर करना उद्योग की मांगों में से एक रहा है।"

**आम बजट में कारोबारी सुगमता बढ़ाने योजना लाई जा सकती है**

### 40 हजार से अधिक मामले लंबित

सरकार ने पहले भी उत्पाद शुल्क और सेवा कर तथा आयकर के लिए माफी योजनाओं की घोषणा की थी, लेकिन सीमा शुल्क के लिए ऐसा कोई कदम नहीं उठाया था। अनुमान है कि अकेले सीमा शुल्क से संबंधित 40,000 से अधिक मामले विभिन्न न्यायालयों और न्यायाधिकरणों में लंबित हैं।

*करदाता व सरकार करने होंगे प्रयास : एक अन्य परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया ने कहा कि सीमा शुल्क से संबंधित मुकदमे विभिन्न मंचों पर लंबे समय से लंबित हैं और इन्हें सुलझाने के लिए करदाता और सरकार दोनों को काफी समय और प्रयास खर्च करने की आवश्यकता है।*



### समाधान योजना शुरू की जाए

ईवाई इंडिया ने यह भी सुझाव दिया कि लंबित विवादों के निपटारे और समाधान के लिए सीमा शुल्क कानून के तहत एकमुश्त विवाद/मुकदमेबाजी ।

### न्यायिक प्रक्रिया के बोझ को कम करना होगा

डेलॉयट इंडिया के साझेदार महेश जयसिंह के अनुसार, सरकार को विवादों को सुलझाने के लिए लंबे समय से चल रहे मुकदमेबाजी को समाप्त करना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया के बोझ को कम करना चाहिए तथा तकनीकी प्रगति और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम चलन के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कानून को उन्नत करना चाहिए।

### माफी योजना का होगा स्वागत

जयसिंह ने कहा, "सबका विश्वास की तर्ज पर माफी योजना एक स्वागतयोग्य कदम होगा। उद्योग वर्षों से सीमा शुल्क के तहत लंबित मुकदमेबाजी के मामलों को हल करने के लिए ऐसी योजना का इंतजार कर रहा है। इससे विशेष रूप से छोटे व्यवसायों को पिछले विवादों से बचने और एक साफ सुथरी छवि के साथ आगे बढ़ने में मदद मिलेगी"।

*दरें तर्क संगत बनाने होगी : सहगल ने कहा कि सीमा शुल्क पर उद्योग की एक और महत्वपूर्ण इच्छा 'मेक इन इंडिया' पहल का समर्थन करने के लिए दरों को तर्कसंगत बनाने की होगी। उन्होंने कहा, "आपके पास कई क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम आ रहे हैं।*

## निर्यातक और आयातक सरकार के साथ मिलकर कार्य करे: विशेषज्ञ

# इस साल भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ट्रंप 2.0, एआई से प्रभावित होगा वैश्विक व्यापार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भू-राजनीतिक दबाव, निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका में नए सिरे से व्यापार युद्ध की संभावना, स्थिरता-आधारित अड़चनों में वृद्धि, प्रमुख क्षेत्रों में चीन की अत्यधिक क्षमता और कृत्रिम मेधा (एआई) में तेजी से प्रगति जैसे कारक 2025 में वैश्विक व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेंगे। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।*

भारतीय निर्यातकों और आयातकों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को अपनी एआई रणनीति को प्राथमिकता देने की जरूरत है, क्योंकि यह कारोबार लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को बदलने और व्यापार के पारंपरिक तरीकों को नया आकार देने की क्षमता रखता है।

### एआई महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में उभर रहा

व्यापार विशेषज्ञ और हाई-टेक गियर्स के चेयरमैन दीप कपूरिया ने कहा, "एआई तेजी से भविष्य के व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभर रहा है। एआई-आधारित डिजिटल बदलाव न केवल सेवा व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि यह वाहनों से लेकर रोबोटिक्स और उससे भी आगे व्यापार योग्य एआई-आधारित वस्तुओं की पूरी नई श्रेणियां भी बना सकता है।"

### संसाधनों का इस्तेमाल बढ़ाना होगा

कपूरिया ने कहा, हालांकि भू-राजनीतिक दबाव को 'प्रभावित' कर पाना निजी क्षेत्र की क्षमता से परे है, लेकिन विकासशील देशों के व्यवसायों को पर्यावरणीय और सामाजिक, दोनों तरह के स्थिरता मापदंडों और बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए संसाधनों का इस्तेमाल करने की जरूरत है।



- चीन अपनी अत्यधिक क्षमता से वैश्विक व्यापार प्रभावित करेगा
- भारत को अपनी एआई रणनीति को प्राथमिकता देने की जरूरत
- एआई तेजी से भविष्य के व्यापार के लिए एक साधन के रूप में उभर रहा

*पूरे महाद्वीप के देश पुनर्मूल्यांकन कर रहे : कपूरिया ने कहा, "पहले कोविड-19 महामारी, उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में संकट के कारण कई वर्षों के झटकों के बाद, पूरे महाद्वीप के देश अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। वे अपनी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के अनुरूप नए साझेदारों के साथ जुड़ाव की संभावना तलाश रहे हैं।"*

### ट्रंप की नीति कर सकती है प्रभावित

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन जैसे देशों पर उच्च शुल्क लगाने की चेतावनी दी है। कपूरिया ने कहा कि अमेरिका का दृष्टिकोण जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करने वाला है, जो मिलकर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार तथा एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रवाह में महत्वपूर्ण व्यवधान पैदा कर सकता है।

### कॉर्बन उत्सर्जन नापने प्रामाणिक एजेंसी की जरूरत

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि एक ऐसी प्रमाणित एजेंसी की जरूरत है जो घरेलू विनिर्माण में कॉर्बन उत्सर्जन को माप सके। कुमार ने कहा, "हमने कुछ विदेशी एजेंसियों को इस दिशा में हमारे साथ काम करने को कहा है, क्योंकि ईयू के उपाय भारतीय निर्यातकों के लिए गंभीर मुद्दा पैदा करते हैं।"

### आपूर्ति श्रृंखला को टिकाऊ बनाना जरूरी

कपूरिया ने कहा, "कंपनियों के लिए जी वी सी (वैश्विक मूल्य श्रृंखला) में एकीकृत होने के लिए स्थिरता संकेतकों का अनुपालन करना भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यूरोपीय संघ (ईयू) के कॉरपोरेट स्थिरता उचित जांच-परख संबंधी निर्देशों के तहत कानूनी रूप से आपूर्ति श्रृंखला को टिकाऊ बनाना जरूरी हो जाता है।"

## बीएसएनएल सौदे का प्रभाव कम होने से टीसीएस का लाभ बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने जताई उम्मीद
- टीसीएस देश की सबसे बड़ी साफ्टवेयर निर्यातक कंपनी है

अगली कुछ तिमाहियों में सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के साथ सौदे के प्रभाव में अपेक्षित कमी से प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को लाभ मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह उम्मीद जताई है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) समीर सेकसरिया ने यहां बताया कि देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी हाल ही में अधिग्रहीत भूमि पर दीर्घावधि में बेंगलुरु में 25,000 से अधिक सीट की क्षमता बनाने पर विचार कर रही है। सेकसरिया ने बीएसएनएल सौदे के मार्जिन पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक सवाल का उत्तर देते हुए कहा, "वही कार्यक्रम (बीएसएनएल) पोर्टफोलियो स्तर पर कम हो रहा है, समग्र स्तर पर, इससे लाभ होगा (मार्जिन पर)। सीएफओ ने परिचालन लाभ के मोर्चे पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में कोई संख्या बताने से इनकार कर दिया। कंपनी का परिचालन लाभ मार्जिन दिसंबर तिमाही के लिए 24.5 प्रतिशत रहा। कंपनी ने स्पष्ट किया कि इसका लक्ष्य इसे और बढ़ाना है।

### अन्य स्त्रोतों से राजस्व की पूर्ति करेगी

सेकसरिया ने कहा कि कंपनी अपने सभी बाजारों में अन्य स्रोतों से बीएसएनएल के घटते राजस्व की पूर्ति करेगी।

## कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- महंगाई के आंकडे व एफआईआई की गतिविधियां भी डालेगी प्रभाव
- इंफोसिस और रिलायंस जैसी कंपनियों का आएगा परिणाम


स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे आने हैं। इसके अलावा निवेशकों की निगाह कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी रहेगी।

पिछले सप्ताह अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने तथा अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, "भारतीय शेयर बाजारों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। निवेशक बड़ी कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।गौड़ ने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी एएमसी, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और एक्सिस बैंक जैसे बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी।

### मुद्रास्फीति के आंकडे मंगलवार को आएंगे

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध (संपदा प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, "सोमवार को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े आएंगे, जो बाजार के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े मंगलवार को जारी किए जाएंगे।

## रेलवे ने पहियों का आयात कम करने किया समझौता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने रेल पहियों का आयात कम करने के लिए एक भारतीय कंपनी के साथ गठजोड़ किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारतीय रेलवे पहियों की जरूरतों के लिए मुख्य रूप से चीन पर निर्भर है। रेलवे के अनुसार, वह 1960 के दशक से ही इंजनों और कोचिंग स्टॉक (एलएचबी) के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के पहियों (फोर्ज्ड व्हील्स) का आयात ब्रिटेन, चेक गणराज्य, ब्राजील, रोमानिया, जापान, चीन, यूक्रेन और रूस से करता रहा है। रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "वर्ष 2024-25 के दौरान चीन और रूस/यूक्रेन से लगभग 900 करोड़ रुपये के पहिये आयात किए गए और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) से 40,000 पहिये मंगवाए गए। वर्तमान में रूस-यूक्रेन संकट के कारण पहियों का ज्यादातर आयात जरूरत चीन से पूरी की जा रही है।"

## ओडिशा में गन्ने का मूल्य बढ़ाया एसीएसआईएल ने

**ब्रह्मपुर।** ओडिशा में 'अस्का कोऑपरेटिव शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसीएसआईएल)' की प्रबंध समिति ने इस साल गन्ने का मूल्य 420 रुपये बढ़ाकर 3,500 रुपये प्रति टन कर दिया है। एसीएसआईएल के प्रबंध निदेशक सुशांत कुमार पांडा ने बताया कि इस बार मिल 10 किलोमीटर से अधिक दूरी के मामले में गन्ने के परिवहन का खर्च भी वहन करेगी।

## चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह में कोयला आयात बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- आयात दो फीसदी बढ़कर 18 .20 करोड़ टन रहा

भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह (अप्रैल-नवंबर) के दौरान दो प्रतिशत बढ़कर 18.20 करोड़ टन से अधिक रहा है। बिजनेस-टू-बिजनेस ई-कॉमर्स कंपनी 'एमजंक्शन सर्विसेज' लिमिटेड द्वारा संकलित आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश ने 17.81 करोड़ टन कोयले का आयात किया था। हालांकि, नवंबर महीने में देश का कोयला आयात घटकर 1.95 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 2.23 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा, कोयला आयात की मात्रा में गिरावट आई है, जो बाजार उम्मीदों के अनुरूप है। घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता ने स्पॉन्ज आयरन और स्टील जैसे उपभोक्ता क्षेत्रों से आयात मांग को कम कर दिया है।



*कोयला उत्पादन बढ़ाने पर जोर : सरकार कोयले का उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने पर जोर दे दी है। मौजूदा आयात नीति के अनुसार, उपभोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से खुद आसानी से कोयले का आयात कर सकते हैं।*

## सरकार ने आईजीएल, अदाणी को गैस आपूर्ति बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने शहर गैस वितरण कंपनियों...इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल), अदाणी-टोटल और महानगर गैस लि. (एमजीएल) को सस्ती गैस की आपूर्ति बढ़ा दी है।

इन कंपनियों ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। बीते साल यानी 2024 में सरकार ने इन कंपनियों को गैस आवंटन घटा दिया था। पिछले साल अक्टूबर और नवंबर में सरकार ने सीमित उत्पादन के मद्देनजर शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को एपीएम गैस (मुंबई हाई और बंगाल की खाड़ी जैसे पुराने क्षेत्रों से निकलने वाली सस्ती प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक कटौती की थी। इसके कारण शहरी गैस वितरण विक्रेताओं ने सीएनजी के दाम दो-तीन रुपये किलोग्राम बढ़ा दिए थे।



### प्रतिदिन 25.5 करोड़ घन मीटर गैस का उपयोग

मंत्रालय ने एलपीजी उत्पादन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की गेल और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) को आपूर्ति घटाने का आदेश दिया है और इसकी कुछ मात्रा शहरी गैस वितरण इकाइयों को स्थानांतरित की है। इसके अनुसार, एलपीजी उत्पादन के लिए प्रतिदिन कुल 25.5 करोड़ मानक घनमीटर गैस का इस्तेमाल किया जाता है।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130



# फिटनेस रिकॉर्ड को देखते बुमराह लंबे समय के विकल्प नहीं लगते

## रोहित शर्मा की जगह बुमराह भारत के टेस्ट कप्तान बनने के दौड़ में सबसे आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जसप्रीत बुमराह भविष्य में रोहित शर्मा की जगह भारत के टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं लेकिन अपनी फिटनेस संबंधी चिंताओं को देखते हुए वह लंबे समय के विकल्प नहीं लगते और हाल में कमर की मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या के कारण उनका अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध है।

■ मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अगले माह चैंपियन ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध

भारतीय चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी में वह कुछ भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि अब उन्हें सिर्फ सूजन है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या उन्हें टेस्ट में स्थायी कप्तान माना जा सकता है क्योंकि अब जबकि रोहित का टेस्ट मैच में भविष्य लगभग तय है।

### उपकप्तान के लिए मजबूत नाम की जरूरत

*अगर बुमराह इंग्लैंड में टेस्ट टीम की अगुआई करने के लिए फिट और तैयार हैं तो मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और उनके चार साथियों को उप कप्तान के तौर पर एक मजबूत नाम की जरूरत है ताकि किसी भी उत्पन्न हुई स्थिति में उप कप्तान जिम्मेदारी संभालने के लिए सक्षम हो।*

### पंत व जायसवाल के नाम की चर्चा

*फिलहाल टेस्ट में केवल दो नाम ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल चर्चा में हैं। इसमें से पंत इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त दिख रहे हैं। समझा जाता है कि शनिवार को अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और रोहित के साथ बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के दौरान बुमराह की कमर के निचले हिस्से की समस्या सामने आई।*



### चोट ने खड़े किए सवाल

इस चोट ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या बुमराह टेस्ट में तेज गेंदबाज के रूप में अपने कार्यभार को देखते हुए लंबे समय तक फिट रह सकते हैं जिनकी आईसीसी के सफेद गेंद के टूर्नामेंट के लिए भी जरूरत है।

### डेटा देख कर ही चुने

पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता देवांग गांधी ने कहा, 'मेरे लिए यह बहुत ही सरल बात है। आप डेटा देखें और पता लगाएं कि टेस्ट क्रिकेट में कौन निश्चित रूप से चुना जा सकता है।

### रोहित के इंग्लैंड जाने की संभावना कम

*समीक्षा बैठक के बाद निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि रोहित के पांच टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड जाने की संभावना बहुत कम है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो 31 वर्षीय बुमराह निश्चित रूप से हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में टीम की अगुआई करेंगे। महज 203 मैच में 443 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बुमराह ने हाल में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पर्थ और सिडनी में भारत का नेतृत्व किया तथा 32 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे जो विदेशी धरती पर किसी भारतीय द्वारा झटके सर्वाधिक विकेट हैं।*

### बुमराह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए

*लेकिन अंतिम टेस्ट में पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव उनके लिए अच्छा साबित नहीं हुआ क्योंकि वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। अब वह चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरने के लिए तैयार हैं।*

## खबर संक्षेप




### सोमवार से शुरू होगा खो खो विश्व कप

**नई दिल्ली।** खो खो विश्व कप सोमवार से यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में कुल 23 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें भाग लेने वाले प्रतियोगियों का कहना है कि यह टूर्नामेंट केवल प्रयास के मामले में ही नहीं बल्कि रणनीतिक सोच के मामले में भी उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लाने में अहम होगा। खो खो विश्व कप का फाइनल 19 जनवरी को होगा।

### आयरलैंड की स्पिनर मैगुइरे की गेंजबाजी एक्शन रिपोर्ट की गई



**राजकोट।** आयरलैंड की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर एमी मैगुइरे की भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में आठ ओवरों में 57 रन देकर तीन विकेट लिए थे। आयरलैंड यह मैच छह विकेट से हार गया था। मैच अधिकारियों की आयरलैंड टीम प्रबंधन को सौंपी गई रिपोर्ट में मैगुइरे के गेंदबाजी एक्शन की वैधता के बारे में चिंता व्यक्त की गई है।

### चौदह साल की इरा का अंडर-19 में 346 रन का सर्वोच्च स्कोर

**अलूर (बेंगलुरु)।** मुंबई की 14 साल की सलामी बल्लेबाज इरा जाधव रविवार को अंडर-19 महिला वनडे ट्रॉफी में मेघालय के खिलाफ 346 रन बनाकर अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं। सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली और अजीत अगरकर के स्कूल शारदाश्रम विद्यामंदिर की छात्रा इरा ने 157 गेंदों में 42 चौकों और 16 छक्कों की मदद से यह पारी खेली। यह किसी भारतीय द्वारा 'यूथ लिस्ट ए' मैचों में बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। लेकिन इस वर्ग का विश्व रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली के नाम है जिन्होंने 2010 में एक घरेलू मैच में 427 रन बनाए थे। इरा पिछली महिला प्रीमियर लीग नीलामी में नहीं बिक पाई थीं।



### श्रेयस पंजाब किंग्स के कप्तान घोषित

**चंडीगढ़।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को रविवार को मार्च में शुरू होने वाले नये सत्र से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम पंजाब किंग्स का कप्तान घोषित किया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में 2024 में खिताब दिलाने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये की भारी भरकम कीमत पर खरीदा था जिससे वह पिछले साल नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी के दौरान दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। अय्यर मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ फिर से जुड़ेंगे जिनके साथ वह दिल्ली कैपिटल्स में थे और तब टीम 2020 आईपीएल के फाइनल तक पहुंची थी।

## सबालेंका ने सीधे सेट में स्टीफंस को हराया

# सबालेंका और झेंग आस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में, पहले दिन बारिश ने डाली बाधा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रविवार को यहां बारिश से प्रभावित दिन में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए क्योंकि इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही संभव हो पाया था। दो बार की चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2017 की विजेता स्लोएन स्टीफंस पर 6-3, 6-2 की जीत के साथ लगातार तीसरे खिताब के लिए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

### पहले मैच में पांचवीं वरीय झेंग जीती

पिछले साल फाइनल में सबालेंका से हारने के बाद मेलबर्न पार्क के मुख्य कोर्ट पर छत के नीचे खेले गए अपने पहले मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग ने रोमानिया की 20 वर्षीय क्वालीफायर एंका टोडोनी को 7-6 (3), 6-1 से हराया।



■ झेंग ने रोमानिया की टोडोनी को किया परास्त

■ बारिश के कारण कई मैच नहीं हो पाए

■ इनडोर सुविधा में कुछ मैचों का आयोजन ही हो पाया

### लिंडा पहली दौर में बाहर निकलने वाली पहली खिलाड़ी

*पुरुष वर्ग के एक अन्य मैच में 20वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने फ़िनलैंड के ओटो वर्टानेन को 3-6, 7-6 (4), 6-4, 6-4 से पराजित किया। लिंडा नोस्कोवा पहले दौर में बाहर होने वाली पहली वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थी। यह 29वीं वरीय खिलाड़ी क्लारा टॉसन से 5-7, 6-3, 6-4 से हार गईं।*

### दूसरे दौर में बनाई जगह

*महिलाओं वर्ग में जिन वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने दूसरे दौर में जगह बनाई उनमें पाउला बाडोसा, डोना वेकिच और लेयला फर्नांडीज भी शामिल हैं।*

### 17 वर्षीय एंड्रीवा दूसरे दौर में



*सत्रह वर्षीय मीरा एंड्रीवा दूसरे दौर में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी थी। उन्होंने जॉन कैन एरेना में छत के नीचे खेले गए मैच में मैरी बौज़कोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से पराजित किया। पुरुष वर्ग में खेले गए पहले तीन मैच में से दो मैच पांच सेट तक खिंचे।*

### रुड ने मुनार को दी मात

*अमेरिकी ओपन 2014 के उपविजेता केई निशिकोरी ने तीसरे सेट में दो मैच प्वाइंट बचाकर वापसी करते हुए क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो को 4-6, 6-7 (4), 7-5, 6-3, 6-3 से जबकि छठी वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने जाउम मुनार को 6-3, 1-6, 7-5, 2-6, 6-1 से हराया।*



### भारत के सुमित नागल पहले दौर में ही बाहर

सुमित नागल का रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अभियान पुरुष एकल स्पर्धा में दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस माचाक से सेटों में मिली हार के साथ खत्म हो गया। भारत का यह शीर्ष एकल खिलाड़ी अपने मौकों का फायदा उठाने में विफल रहा और चेक गणराज्य के अपने प्रतिद्वंद्वी से 3-6, 1-6, 5-7 से हार गया। माचाक ने अपनी बेहतरीन निरंतरता और सटीकता से दबदबा बनाया। नागल (91वीं रैंकिंग) मैच के शुरु में आत्मविश्वास से भरे लग रहे थे और उन्होंने अपने पहले तीन सर्विस गेम में सिर्फ दो अंक गंवाए।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# नायर के सत्र में पांचवें शतक से विदर्भ पहुंचा सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| वडोदरा



शानदार लय में चल रहे करुण नायर की नाबाद शतकीय पारी से विदर्भ ने विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में रविवार को यहां राजस्थान को आठ विकेट से हराया। अंतिम आठ के एक अन्य मैच में हरियाणा ने गुजरात पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में हरियाणा का सामना कर्नाटक से होगा जबकि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ की टीम महाराष्ट्र से भिड़ेंगी। नायर ने 82 गेंद में 13 चौके और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 112 रन की पारी के साथ पिछले पांच मैचों में अपना चौथा शतक पूरा किया।

■ गुजरात को हराकर हरियाणा भी अंतिम चार में पहुंचा

■ क्वार्टर फाइनल में राजस्थान को आठ विकेट से हराया

विदर्भ ने 43.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत के लिए मिले 292 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। शोरे ने 131 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाये। शोरे ने यश राठौड़ (39) के साथ पहले विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी। हरियाणा को गुजरात के खिलाफ जीत के लिए मिले 197 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। रवि बिश्नोई (46 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी ने 196 रन पर आउट हुई गुजरात की टीम को मैच में बनाये रखा। इससे पहले अनुज ठुकराल (39 रन पर तीन विकेट) और निशांत सिंधू (40 रन पर तीन विकेट) और अंशुल कंबोज (36 रन पर दो विकेट) ने लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते हुए गुजरात के बल्लेबाजों पर शिकंजा कसे रखा। गुजरात के लिए हेमांग पटेल ने सबसे ज्यादा 54 रन का योगदान दिया। उन्होंने 62 गेंद की पारी में दो चौके और पांच छक्के जड़े।

### कंबोज ने छक्का लगाकर दिलाई जीत

लक्ष्य का पीछा करते हुए हिमांशु राणा ने 89 गेंद में 66 रन की पारी खेल टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। टीम 35वें से 43वें ओवर के बीच 20 रन के अंदर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी लेकिन कंबोज (नाबाद सात) ने 44वें ओवर में छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी।

## क्रिकेट

# बांग्लादेश ने शाकिब और लिटन को किया बाहर



एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने रविवार को पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया जिन्हें अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। शाकिब पिछले महीने इंग्लैंड के लॉ फ बो रो यूनिवर्सिटी में अपने गेंदबाजी एक्शन की जांच में विफल रहे थे और हाल में चेन्नई में हुई दूसरी स्वतंत्र जांच में भी उनका गेंदबाजी एक्शन पॉजिटिव नहीं पाया गया। अब 15 सदस्यीय चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर होने के कारण 37 वर्षीय खिलाड़ी का वनडे करियर भी समाप्त हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू हो रही है। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों से संन्यास ले चुके शाकिब को पिछले सितंबर में काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए एक मैच के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था। बांग्लादेश 20 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

■ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ 20 फरवरी को दुबई में खेलेगा

### बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है:

*नजमुल हुसैन शांटो (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), तौहीद हृदय, सौम्य सरकार, तंजीद हसन, महमूदुल्लाह, जैकर अली, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तास्किन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन, नसुम अहमद, तंजीम हसन, नाहिद राणा।*

### गेंदबाजी एक्शन की जांच में नाकाम रहे शाकिब

*ढाका। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले करारा झटका लगा जब वह अपने गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में असफल रहे जिसके बाद उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया। शाकिब इससे पहले ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अपने गेंदबाजी एक्शन के स्वतंत्र मूल्यांकन में विफल रहे थे। इसके बाद इस स्पिनर को गेंदबाजी करने से रोक दिया गया था। उनके एक्शन की 15 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट की गई थी।*

### नौ मुक्केबाज राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेफा में

**बरेली।** सचिन सिवाच और लक्ष्य चाहर सहित सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) के नौ मुक्केबाजों ने आठवीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूर्व विश्व युवा चैंपियन सिवाच ने लाइटवेट (55-60 किग्रा) वर्ग में हिमाचल प्रदेश के आशीष कुमार पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, जबकि एशियाई खेलों में भाग ले चुके चाहर ने भी लाइट हैवीवेट (75-80 किग्रा) वर्ग में आसान जीत के साथ अंतिम चार ने अपनी जगह पक्की की। सचिन और चाहर के अलावा एसएससीबी के जिन अन्य मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई उनमें जदुमणि सिंह मंडेंगब्रम (फ्लाईवेट), पवन बर्त्वाल (बैंटमवेट), हितेश (लाइट मिडिलवेट), दीपक (वेल्टरवेट), जुगनू (क्रूजरवेट), विशाल (हैवीवेट), और गौरव चौहान (सुपर हैवीवेट) शामिल हैं।



# दूसरा टेस्ट जीत भारत ने आयरलैंड से तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला जीती

जेमिमा की शतकीय पारी से भारत ने 116 रन से विजय पाई

एजेंसी ▶▶| राजकोट

जेमिमा रोड्रिग्स के पहले एकदिवसीय शतक के साथ शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों से भारत ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने पांच विकेट पर 370 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 50 ओवर में सात विकेट पर 254 रन पर रोक दिया।

कप्तान स्मृति मंधाना ने 54 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी खेलने के अलावा पहले विकेट के लिए प्रतिका रावल (60 गेंद में 67 रन) के साथ 114 गेंद में 156 रन की साझेदारी कर के भारत को तेज शुरुआत दिलायी। जेमिमा ने 91 गेंद में 102 रन की पारी में 12 चौके लगाये। उन्होंने हरलीन देयोल (84 गेंदों पर 89 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 168 गेंद में 183 रन की बड़ी साझेदारी कर टीम का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया।



### 6 अर्धशतक जेमिमा के नाम

जेमिमा को एकदिवसीय में अपना शतक जड़ने के लिए 41 मैचों का इंतजार करना पड़ा। इससे पहले उनके नाम छह अर्धशतक हैं। उन्होंने मध्यम तेज गेंदबाज अर्लीन केली के खिलाफ चौका लगाकर शतक पूरा किया और फिर अपने बल्ले से गिटार बजाने की भाव भंगिमा से इसका जश्न मनाया।

### शतक पूरा करने लंबा इंतजार करना पड़ा

जेमिमा ने इस शतकीय पारी के बाद मैच के प्रसारक (स्पोर्ट्स 18) से कहा, ''इस शतक को पूरा करने लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। आयरलैंड के लिए केली और ओर्ला प्रेंडेरगास्ट को दो-दो जबकि जॉर्जीना डेम्पसे को एक सफलता मिली।

# गावस्कर और कांबली को एमसीए ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली समेत मुंबई के कुछ क्रिकेट नायकों को रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) द्वारा वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह 19 जनवरी को वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

■ वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजन

गावस्कर रविवार को सम्मानित होने वाले मुंबई के पहले कप्तान थे, उन्हें एमसीए अध्यक्ष



अजिंक्य नाइक ने स्मृति चिह्न भेंट किया। गावस्कर ने कहा, 'इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में यहां आना मेरे लिए वास्तव में बहुत बड़ा सम्मान है जिसने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है और 2011 क्रिकेट विश्व कप का आयोजन तो सोने पर सुहागा रहा। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के जश्न की शुरुआत का हिस्सा बनना, सम्मानजनक है।'



# वैज्ञानिकों ने किया चौंकाने वाला खुलासा, अगर ऐसा नहीं होता तो धरती पर जन्म नहीं ले पाता इंसान

* जर्मनी में ट्रॉपिकल मरीन रिसर्च के लिए लीबनिज सेंटर के समुद्री वैज्ञानिक अर्जुन चेनू का कहना है कि दो 12 घंटे के दिन एक 24 घंटे के दिन बराबर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सूर्य का प्रकाश तेजी से ऊपर नीचे जाता है और ऑक्सीजन उत्पादन तालमेल बिठाता है।



**वॉशिंगटन।** पृथ्वी का निर्माण करीब 4.54 अरब साल पहले हुआ था। इसके बाद से धरती का घूमना धीरे-धीरे धीमा हो रहा है। इसका नतीजा यह है कि दिन लंबा होता जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि पृथ्वी के घूमने और आक्सजीन के पैदा होने का भी आपस में संबंध है, जिससे चांद, सूक्ष्म जीव और हमारे वायुमंडल में ऑक्सीजन आपस में जुड़ते हैं। पृथ्वी के वायुमंडल में ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि से पृथ्वी के घूमने का धीमा होने का संबंध है। सबसे खास बात यह है कि इसकी वजह विशेष तौर पर 2.4 अरब साल पहले नीले-हरे शैवाल (साइनोबैक्टीरिया) का उदय है।

## धरती के ऑक्सीजन में वृद्धि से थे संबंध

शोधकर्ताओं की टीम ने देखा कि लंबे दिन से धरती के ऑक्सीजन में वृद्धि से संबंध थे। यह न सिर्फ महाऑक्सीकरण घटना, बल्कि एक और दूसरा वायुमंडलीय ऑक्सीजनकरण है। इसे करीब 550 से 800 मिलियन साल पहले नियोप्रोटेरोजोइक ऑक्सीजनेशन इवेंट कहा जाता है। शोध में पाया गया कि दिन की लंबाई और जमीन पर रहने वाले रोगाणुओं से छोड़ी जाने वाली ऑक्सीजन में एक मूलभूत संबंध है।

# सराफा कारोबारी की हत्या का खुला राज, दो सगे भाई सहित तीन लोगों ने उतारा था मौत के घाट



**कोरबा।** शहर के सराफा कारोबारी की हत्या के मामले को आखिरकार पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके पूर्व कार चालक ने साजिश रची थी और चालक ने अपने भाई के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने अंधेकत्ल की गुत्थी के मामले में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि वारदात का मास्टरमाइंड फरार है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई क्लू मिले जिसके आधार पर पुलिस ने मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत कुआंभट्ठा निवासी मोहन मिंज पिता गोपाल मिंज 23 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुआंभट्ठा बस्ती में निवासरत आकाश गिरी गोस्वामी 24 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की जहां दोनों ने बताया कि आकाश गोस्वामी के बड़े भाई सूरज गिरी गोस्वामी के इशारे पर यह वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जाता है कि सूरज गिरी गोस्वामी पूर्व में तीन माह पहले गोपाल राय सोनी के घर में कार चालक का काम करता था जिसके छोड़ने के बाद सूरज गोस्वामी का भाई आकाश गिरी गोस्वामी वहां कार चलाया करता था और सूरज गोस्वामी व मोहन व आकाश ने मिलकर योजनाबद्ध ढंग से गोपाल गिरी गोस्वामी के घर पहुंचे थे और उसकी हत्या कर फरार हो गए थे।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

खाज, खुजली या दाद 'इचकू मलहम' को रखना याद
इचकू आयुर्वेदिक मलहम
• असर पहले दिन से • न चिपचिप, न दाग धब्बे
NEW ITCHKU Ayurvedic Malham • Ringworm • Itching • Rashes
www.itchku.in 24x7 Helpline: 83058 53333

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद
पाईल्स (बवासीर) के दर्द से परेशान?
सिड्पाईल्स टॅबलेट
बवासीर, फिस्टुला, कब्ज़, गुदा मार्ग की सूजन, जलन, चूभन, खुजली, असहनीय वेदना आदि तकलीफें दूर करने में सहायक।
Siddhayu SIDPILES TABLET For Piles
अभयामृत
पुराने से पुराने कब्ज़ को दूर कर पाचन ठीक रखने में सहायक।
स्वस्थ पाचन, स्वस्थ जीवन
वैद्यकीय सलाह: +91 844 844 4935
www.baidyanath.co

जब घुटना, कंधा या कमर दर्द सताए तो आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट ही अपनाएं
'डा. ऑर्थो' आज ही ले आएं
घुटना दर्द कंधा दर्द कमर दर्द कलाई दर्द
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
अब दर्द भी घुटने टेकेगा... 8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल
नि:शुल्क ओ.पी.डी
सभी इलाज में 50% की छूट
दांतो की सफाई (SCALING) नि:शुल्क

| ट्रीटमेंट | प्रचिलित दर | डिस्काउंट रेट |
|---|---|---|
| सड़े हुए दांतो को निकालना | ~~₹ 500/-~~ | ₹ 250/- |
| दांतो में फिलिंग | ~~₹ 600/-~~ | ₹ 300/- |
| रूट केनाल ट्रीटमेंट (RCT) | ~~₹ 3000~~ | ₹ 1500 |

श्री बालाजी हॉस्पिटल कैंपस, मोवा, रायपुर
FOR APPOINTMENT CALL : 9201641002

SHREE NARAYANA HOSPITAL Quality Health Care for All..
न्यूरो सर्जरी विभाग
- सिर एवं स्पाईन (रीढ़) की चोट
- सिर एवं स्पाईन का ट्यूमर
- सिर में पानी भरना
- कमर और गले में दर्द (स्पोंडिलोसिस)
- साईटिका
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. रूपेश वर्मा M.S.,M.Ch (Neuro Surgery)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

Hero
समझौता नहीं, सिर्फ़ नई HF-Deluxe
HF Deluxe सेल्फ ₹65,300* से शुरू
बेमिसाल माइलेज XSENS with Fi
बेजोड़ मज़बूती कर्ब वेट 112 किलो
दमदार पावर 5.9 kW
USB चार्जर#
कम मेंटेनेंस खर्च
कम डाउन पेमेंट ₹3999^
India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #USB charger is available as an accessory. *Ex showroom price of HF Deluxe Self in Raipur.
टोल फ्री 1800 266 0018
अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983
VML.5794.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com